CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, बुधवार 10 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 33 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका** पेज 2




**एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल** खेल टाइम्स



**श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल** सम्पादकीय



**मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़** पेज 12

### भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 - 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 - 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

### एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

## पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

**1500 कैदी जेलों से बाहर निकले**

**काठमांडू, वार्ता**

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

## राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



## सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

## पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

## AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।

- वकील ने कहा- उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन




## कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

## संक्षिप्त समाचार

### सॉल्वर गैंग चलाने वाले डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं को लेकर सॉल्वर गैंग चला रहे गिरोह के सरगना के रूप में शामिल एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया है। गिरफ्तार डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में जनपद बलिया के बांसडीह सीएचसी पर है। पुलिस ने डॉक्टर सहित उसके गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की गिरफ्तारी उसके अन्य साथी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। दरअसल बीते छह व सात सितम्बर को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से सम्पन्न पीईटी-2025 की परीक्षा प्रदेश के 45 जनपदों में सम्पन्न कराई गई थी। इनमें सबसे ज्यादा परीक्षार्थी लखनऊ व गाजियाबाद में थे। परीक्षा की शुचिता को लेकर एसटीएफ व पुलिस की सॉल्वर गैंग चलाने वाले लोगों पर थी।

### ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

# जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ताधर्ता स्वयं मुख्यमंत्री: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ता धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं।

यादव ने सोमवार देर शाम एक्स पर लिखा- जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे हैं, तो कुछ उनकी भी सलाह मान लें। लगे हाथ सभी राज्य विश्व. विद्यालयों की कमान मुख्यमंत्री के हाथ में होने का फरमान जारी कर दें। उन सभी वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी-साथियों की पर्ची के लेनद. ेन से पदों पर बैठे हैं। विवि के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण मारने की जांच हो। इसकी भी गहरी जांच हो कि नाट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) कैसे पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजना में घपले की जांच हो।

बुनियादी सुविधाओं के लिए दिया गया फंड डकारने वालों की जांच हो। फर्जी डिग्री विवाद का इन्वेस्टिगेशन हो। निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के कालेधन की जांच हो। विश्वविद्यालय के मानकों को धता बतानेवालों की जांच हो। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि अच्छा हो कि जांच की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जांच वहां से शुरू हो जहां के कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री आप स्वयं हैं।

# जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं: शुभांशु

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा: आसमान न कभी मेरे लिए सीमा था और न ही मेरे वतन के लिए

**लखनऊ।** ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिए सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होंने कहा कि जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य जरूरी हैं, सपने जरूरी हैं, योजनाएं जरूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र- छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी जिंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डा. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएं, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं। शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एनडीए, भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुंचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएं। हां, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हंसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए, जिन्होंने आपको सफलता से ज्यादा सिखाया। वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं, जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित: अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निद. ेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की को. शिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# हैरान करती है धनखड़ की 50 दिन की खामोशी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस में कहा है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 50 दिन से चली आ रही चुप्पी हैरान करती है और उनकी यह खामोशी उनके स्वभाव के विप. रीत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि धनखड़ का स्वभाव इतनी देर तक चुप्पी साधना नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उनकी खामा. ेशी सबको हैरान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि पिछले 50 दिनों से जगदीप धनखड़ ने अप्रत्याशित चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है, तब भी देश उनके ऐतिहासिक और अप्रत्याशित इस्तीफे पर बयान का इंतजार कर रहा है।

### राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गई। प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितम्बर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों में लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 314.02 अंक (0. 39 प्रतिशत) की बढ़त में 81,101.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.45 अंक की मजबूती के साथ 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। अमे. रिका में दो संघीय अदालतों द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपातकालीन प्रावधानों के तहत 1 अगस्त से लगाए गए मनमाने आयात शुल्क को अवैध करार देने के बाद निवेशकों में आयात शुल्क दोबारा कम होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने आईटी कंपनियों में जमकर लिवाली की। सेंसेक्स में इंफोसिस का शेयर 5.03 प्रतिशत उछल गया। टेक महिंद्रा का शेयर 2.42 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.78 और टीसीएस का एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स में भी 2.40 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स 342.39 अंक की तेजी के साथ 81,129.69 अंक पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 80,927.97 अंक और ऊपर 81,181.37 अंक तक गया। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 90.95 अंक चढ़कर 24,864.10 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,814 अंक और उच्चतम स्तर 24,891. 80 अंक रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी के अलावा एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टर में भी निवेशकों ने अच्छी लिवाली की। तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और टाटा स्टील में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### कौशल महोत्सव 2025 का आयोजन लखनऊ में 16-17 सितम्बर को

**नई दिल्ली।** कौशल एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ में 16-17 सितम्बर को कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक नियोक्ता भाग लेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया, कौशल महोत्सव 2025 इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा, लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन जैसे उद्यमों में कार्यरत 100 से ज्यादा शीर्ष नियोक्ता हज़ारों अवसरों के साथ लखनऊ आ रहे हैं। इसमें देश भर से प्रतिभाओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मंत्रालय का कहना है कि हर हुनर को एक अवसर, हर सपने को एक मंच मिले, इस उद्येश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के कोने-कोने से प्रतिभाओं के लिए अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितम्बर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# हिमालय संरक्षण को सभी निभाएं भूमिका: सीएम

## हिमालय के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही सरकार: मुख्यमंत्री



मंगलवार को आईआरडीटी सभागार में आयोजित हिमालय दिवस समारोह में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमालय मात्र बर्फीली चोटियों और

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार हिमालय संरक्षण को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, इस महत्वपूर्ण काम में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी।

विस्तृत पर्वतमालाओं का समूह नहीं है बल्कि ये सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप का जीवन स्त्रोत भी है। हिमालय न केवल भारत के उत्तर में अटल प्रहरी का काम करता है, बल्कि इसकी पर्वतीय नदियाँ पूरे देश की जीवनधारा हैं। मुख्यमंत्री ने

### अब हिमालयी क्षेत्र में वर्षा की तीव्रता लगातार बढ़ने से घटित हो रही आपदाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हिमालयी क्षेत्र में वर्षा की तीव्रता लगातार बढ़ रही है और अप्रत्याशित क्लाउड बर्स्ट तथा उनके परिणामस्वरूप भूस्खलन जैसी आपदाएँ बार-बार घटित हो रही हैं। इन घटनाओं की आवृत्ति और उनके प्रभाव दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हमारे राज्य को कई भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। इन गंभीर चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए वैज्ञानिक संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए, गत वर्ष सरकार ने उच्च स्तरीय समिति के गठन के लिए निर्देश जारी किए थे। अब इस वर्ष नवंबर में राज्य में जलवायु परिवर्तन पर 'विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन' का भी आयोजन किया जा रहा है।

कहा कि हिमालय की ऊंची चोटियां, विस्तृत ग्लेशियर, नदियां और जैव विविधता से भरपूर वन हमें न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हिमालय से निकलने वाली नदियां देश के करोड़ों लोगों की प्यास बुझाती हैं वहीं इस पर पाए जानी वाली दुर्लभ जड़ी बूटियां आयुर्वेद का आधार हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हमारी इस अमूल्य धरोहर को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित विकास, और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हिमालय के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। इसके ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट और पारिस्थितिकीय असंतुलन की बड़ी चुनौती बन सकते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनका ज्ञान, परंपराएं और जीवनशैली हमें सिखाती हैं कि किस प्रकार हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीवन जी सकते हैं। हमें उनके अनुभवों और पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करते हुए उसे भी अपनी पर्यावरण संरक्षण नीति में सम्मिलित करना चाहिए।

छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पानी की बचत, पेड़ों को लगाना और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, हिमालय की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्रम में सरकार ने दो से नौ सितंबर तक प्रतिवर्ष हिमालय जनजागरूकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय, मेयर सौरभ थपलियाल, दर्जाधारी मधु भट्ट, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, सूर्यकांत धस्माना सहित प्रमुख लोग शामिल हुए।

### हिमालय की सुरक्षा देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हिमालय की सुरक्षा केवल सरकार का ही कार्य नहीं है, बल्कि ये देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार हिमालय संरक्षण को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर, जल स्रोत संरक्षण अभियान और जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से हिमालय के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है।

### कहा-हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मिली सफलता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए "डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम" प्रारम्भ किया गया है। इस एक छोटी सी पहल से हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पर्यटन क्षेत्र में भी पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में ध्यान देना होगा क्योंकि अनियंत्रित और असंवेदनशील पर्यटन हिमालय के पर्यावरण के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके लिए हमें ''सस्टेनेबल टूरिज्म'' को बढ़ावा देना होगा, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना पर्यटन का विकास किया जा सके।

### हिमालय के पर्यावरण को बचाने के लिए नए सिरे से सोचना होगा: डॉ जोशी

पद्मभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि इस साल समूचे हिमालयी क्षेत्र में आपदाएं आई हैं, अब साल दर साल इस तरह की घटनाओं से मानूसन काल डराने लगा है। हमें हिमालय के पर्यावरण को बचाने के लिए नए सिरे से सोचना होगा।

### पीआरडी स्वयंसेवकों को मिलेगा 12 दिन का मानदेय सहित अवकाश : रेखा

**देहरादून।** प्रदेश में प्रांतीय रक्षक दल स्वयंसेवकों को अब साल भर में कुल 12 दिन का मानदेय सहित अवकाश मिल सकेगा। इस बारे में मंगलवार को आदेश जारी कर दिया गया है। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि चार धाम यात्रा व अन्य सभी महत्वपूर्ण आयोजनों में पीआरडी स्वयंसेवकों की उत्तम सेवा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। रेखा आर्या ने बताया कि ऐसे स्वयंसेवक जिनके द्वारा कम से कम 365 दिन की ड्यूटी कर ली गई हो और जो कार्ययोजित हों, उन्हें प्रत्येक 30 दिनों की ड्यूटी पर 1 दिन का आकस्मिक अवकाश मानदेय के साथ मिल सकेगा। इस आकस्मिक अवक. श की मंजूरी ड्यूटी और तैनाती स्थल से संबंधित कार्यालय, संस्थान या निगम के सक्षम अधिकारी द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनवरी से जून माह तक कुल 6 माह की अवधि में अधिकतम 6 आकस्मिक अवकाश मान्य होंगे। यदि 6 माह की अवधि के पश्चात कोई आकस्मिक अवकाश बचता है तो उसे आगे नहीं जोड़ा जाएगा। इसी तरह साल के बाकी 6 महीनों के लिए भी 6 आकस्मिक अवकाश मान्य होंगे



## शहीद सम्मान यात्राा में गरिमा और भव्यता का रखा जाए ध्यान : जोशी

### सैनिक कल्याण मंत्री ने किया शहीद सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**लैंसडाउन।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज लैंसडाउन पहुंचकर आगामी 05 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सैनिक सम्मान समारोह के कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं और इसकी गरिमा व भव्यता का विशेष ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के बाद सैनिक कल्याण मंत्री ने शहीद सम्मान समारोह और शहीद सम्मान यात्रा 2. 0 की तैयारियों की समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 1734 बलिदा. नियों के आंगन की मिट्टी सैन्यधाम लाई जा चुकी है, लेकिन इस प्रक्रिया में लगभग 71 बलिदानी छूट गए थे। इन बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी लाने के लिए दूसरे चरण की शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो 22 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा के उपरांत 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शहीद परिवारों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार का निर्णय है कि सैन्यधाम के लोकार्पण से पहले छूटे हुए बलिदानियों के आंगन की मिट्टी भी सैन्यधाम लाकर सम्मिलित की जाएगी। इस दौरान गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, पौड़ी के मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, उप जिलाधिकारी शालिनी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीपी भट्ट सहित सैन्य अधिकारीगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने पंत की जयंती पर किया उनका भावपूर्ण स्मरण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत का उनकी जयंती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। पं.गोविन्द बल्लभ पंत जयंती की पूर्व संध्या



पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत का प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिये सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

## उत्तराखंड में खूंखार भालुओं का आतंक

### शीतनिद्रा से पहले बदला मिजाज, पहाड़ों पर पसरी दहशत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ों पर अब भालुओं का खौफ गहराता जा रहा है। कभी शाकाहारी माने जाने वाले ये वन्यजीव अब बाघ और तेंदुए की तरह खूंखार शिकारी में तब्दील हो रहे हैं। उनका यह बदलता आक्रामक स्वभाव वन विभाग के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है, जिसने पहाड़ों पर बारहमासी दहशत फैला दी है।

### 25 सालों में उत्तराखंड में भालुओं के हमले में गई 68 लोगों की जान

आंकड़े और भी भयावह तस्वीर पेश करते हैं। पिछले 25 सालों में उत्तराखंड में भालुओं के हमलों में 68 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 1,972 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यानी, दो दशकों में 2,000 से अधिक इंसान भालुओं के शिकार बने हैं। मवेशियों पर हुए हमले तो इससे भी कई गुना ज्यादा हैं। साल 2009 में अकेले 120 लोगों को भालुओं ने घायल किया था। भालुओं का यह बदलता मिजाज और बढ़ता आतंक उत्तराखंड के लिए एक नई और गंभीर चुनौती बन गया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।



पौड़ी जिले के सतपुली में भालू के आतंक की खबरें अभी शांत भी नहीं हुई थीं कि रुद्रप्रयाग से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां दो महिलाओं पर भालू ने हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। ये घटनाएँ भालुओं के अभूतपूर्व आक्रामक व्यवहार की पुष्टि करती हैं। उत्तराखंड वन विभाग के पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ, आरके मिश्रा ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "सतपुली में इतने कम समय में मवेशियों पर भालू का ऐसा हमला पहली बार देखा गया है। हमने टीम तैनात कर पिंजरा लगाया है और यदि यह भालू नहीं पकड़ा गया, तो इसे नष्ट करने के आदेश भी दे दिए गए हैं।" उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भालुओं का यह आक्रामक रूप स्कूल जाने वाले बच्चों और क्षेत्रीय लोगों के लिए बड़ा खतरा बन गया है, जिसका खौफ साफ दिखाई दे रहा है। वन्य जीव विशेषज्ञ और गंगोत्री नेशनल पार्क के पूर्व उपनिदेशक रंगनाथ पांडे ने इस बदलते व्यवहार पर रोशनी डालते हुए बताया, "यह वक्त भालुओं के शीत निद्रा में जाने से ठीक पहले का है, जब वे अगले तीन-चार महीनों के लिए भोजन जुटाते हैं। लेकिन अब परेशानी यह है कि उनके बदलते स्वभाव के कारण भालू बारह महीने पहाड़ों पर सक्रिय और हमलावर दिखाई दे रहे हैं।" पांडे ने समझाया कि शीत निद्रा जीवन बचाने के लिए जरूरी है, पर अब इसी महत्वपूर्ण समय में उनके व्यावहारिक रूप में बदलाव आ रहा है।

## चतुर्थ श्रेणी के 2364 पदों पर शीघ्र होगी भर्ती: डॉ. रावत

### आउटसोर्स के माध्यम से प्रत्येक विद्यालयों में होंगे तैनात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में लम्बे समय से रिक्त पड़े 2364 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। इन सभी पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरा जायेगा, जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। कार्मिकों की शीघ्र तैनाती के लिये विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार शिक्षा विभाग में बुनियादी ढ़ांचे के साथ ही मानव संसाधन उपलब्ध कराने में जुटी है। इसी



कड़ी में सरकार ने विभाग के विभिन्न कार्यालयों व विद्यालयों में सृजित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के 2364 रिक्त पदों (मृत संवर्ग) को आउटसोर्स के पदों में परिवर्तित करने की मंजूरी दे दी है, जिसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। जिसके तहत महानिदेशालय कार्यालय, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा एवं अकाद. मिक शोध एवं प्रशिक्षण सहित एससीईआरटी, बोर्ड कार्यालय रामनगर, मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय माध्यमिक/प्राथमिक (गढ़वाल व कुमाऊं), समस्त डायट, मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी मध्यमिक व बेसिक कार्यालय में कुल 334 चतुर्थ श्रेणी के पदों को आउटसोर्स में परिवर्तित कर दिया है। इसी प्रकार 1000 छात्र संख्या से अधिक प्रत्येक इंटर कॉलेज में परिचारक के 2, स्वच्छक/सह चौकीदार के 1 पद को आउटसोर्स के पदों में परिवर्तित किया गया है। जबकि 500 से 1000 छात्र संख्या वाले इंटर कॉलेजों में 1-1 परिचारक व चौकीदार, 500 छात्र संख्या से नीचे इंटर कॉलेजों व हाईस्कूलों में 1-1 चौकीदार के पद आटसोर्स के लिये स्वीकृत किये गये हैं। जबकि ऐसे नवीन उच्चीकृत विद्यालय जिनमें चतुर्थ श्रेणी व स्वच्छक के पद सृजित नहीं है वहां भी चौकीदार का 1 पद आउटसोर्स के तहत स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार राजकीय विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के 2023 पदों को आउटसोर्सिंग के पदों में परिवर्तित कर दिया गया है। विभागीय मंत्री ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के कुल 2364 पदों को शीघ्र ही आउटसोर्स के माध्यम से भरा जायेगा, जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। आउटसोर्स से तैनात कार्मिकों को प्रत्येक माह 15,000 रूपये मानदेय दिया जायेगा।

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नगर निगम देहरादून को देश में 19वां स्थान

### नगर निगम देहरादून में प्राप्त किया 171.7 अंक, पिछले वर्ष था 37वें स्थान पर

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें नगर निगम देहरादून ने 171. 7 अंक प्राप्त कर देश भर में 19वा स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष नगर निगम देहरादून 37वें स्थान पर था तथा 126.5 अंक प्राप्त किये थे। वायु की गुणवत्ता में सुधार करने के लिये नगर निगम देहरादून द्वारा विगत 6-8 माह में विभिन्न प्रयास किये गए है, जिनमें विभिन्न पार्कों का निर्माण, वृहद रूप से नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 1 लाख पेड़ लगाए



जाना, साइकिल ट्रैक का निर्माण, सड़कों के दोनों ओर धूल के कड़ों के उड़ने के बचाओं के लिए पटरियों का निर्माण, फुटपाथ का निर्माण, सूक्ष्म गलियों के घरों से कूड़ा उठाने के लिए 15 ई-ऑटो टिपर वाहन क्रय किया जाना, गीला कचरे से खाद बनाने के लिए 10 कम्पोस्ट मशीन क्रय किया जाना, एनआईवीएच में धूल के कड़ों को सप्रेस करने के लिए फाउंटेन का निर्माण, जन जागरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवम शहर के सभी सड़कों पर धूल के कड़ों को कम करने के लिए निरंतर वाटर स्प्रिंकल मशीन से पानी का छिड़काव, आदि शामिल हैं। महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल के नेतृत्व में नगर निगम देहरादून अगले वर्ष शीर्ष 5 स्थानों में आने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### डॉ नरेश बंसल ने उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर राधाकृष्णन को दी बधाई

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने भारत के उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन को निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। डा. बंसल ने मंगलवार को संसद भवन में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डा. बंसल ने कहा कि यह झूठे सेकुलरिज्म पर भारतीय राष्ट्रवाद की जीत है प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एनडीए एकजुट है व विक. सित,आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है। सीपी राधाकृष्णन पिछले चार दशकों से निरंतर समाज और राजनीति में समर्पण, लोकसभा सांसद के रूप में प्रभावशाली प्रतिनिधित्व, भाजपा संगठन में क्षेत्रीय नेतृत्व, राज्यपाल के रूप में विभिन्न राज्यों में प्रशासनिक अनुभव ये सभी योग्यताएं इस सम्मानजनक पद के अनुकूल हैं।

## निजी फिटनेस सेंटरों पर हो रही अवैध वसूली: यशपाल आर्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंटरों पर जमकर वसूली की जा रही है। यहां लोगों से निर्धारित फीस से तीन गुना तक उगाही की जा रही है इतना ही नहीं, यह कार्य एक निजी कंपनी को सौंप दिया गया है, जो अपनी मनमानी से शुल्क वसूल रही है। वाहन चालकों का कहना है कि कोई निर्धारित मानक या प्रक्रिया नहीं है और संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और छोटे वाहन चाल. कों को मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

आर्य ने कहा कि अचानक और अत्यधिक बढ़ोतरी से



व्यावसायिक और निजी वाहन स्वामियों के बीच व्यापक चिंता और आक्रोश व्याप्त है। वाहन मालिक चाहते हैं कि फिटनेस की प्रक्रिया फिर से सरकार के अधीन हो और उनके स्थानीय सुविधा को बहाल किया जाए।

उन्होंने कहा कि कई जगहों पर पहले स्थानीय आरटीओ कार्यालय में ही फिटनेस की प्रक्रिया आसानी से हो जाती थी, लेकिन अब यह काम निजी हाथों में जाने से वाहन मालिकों को अन्य शहरों तक जाना पड़ रहा है। फिटनेस के लिए दूसरे शहर जाने का मतलब है डीजल-पेट्रोल का अतिरिक्त खर्च और पूरे दिन का समय बर्बाद होना।

आर्य ने कहा कि व्यावसायिक परिवहन स्वामियों और निजी वाहन स्वामियों के लिए गम्भीर आर्थिक बोझ पड़ने से आमजन के लिए परिवहन अधिक महंगा हो जाएगा और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। पहले से ही टोल, टायर, ईंधन आदि की बढ़ती कीमतों से परिचालन लागत बढ़ने से ट्रेड अस्थिर हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को प्रस्तावित निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए, इसे वापिस लेना चाहिए, अन्यथा स्थिति

## उत्तराखंड में भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' का असर: सतर्कता ने 92 को दबोचा

### तीन साल में 79 सफल ट्रैप, 71 फीसदी मामलों में मिली सजा; हेल्पलाइन पर हर शिकायत सुनना अनिवार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। सतर्कता अधिष्ठान ने पिछले साढ़े तीन सालों में भ्रष्टाचार के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 92 भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। इस दौरान 79 सफल ट्रैप ऑपरेशन किए गए और 71 प्रतिशत मामलों में दोषियों को सजा दिलवाई गई, जो विभाग की प्रभावी पैरवी को दर्शाता है।

सतर्कता निदेशक की अध्यक्षता में हाल ही में हुई एक अहम बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में इन प्रभावशाली उपलब्धियों का खुलासा किया गया। निदेशक ने बताया कि विभाग पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की सक्रिय भागीदारी से ही भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी की स्पष्ट नीति है कि भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा," निदेशक सतर्कता ने जोर देते हुए कहा। इसी दिशा में काम करते हुए, हमने अप्रैल 2022 से सितंबर 2025 तक कुल 9424 शिकायतें प्राप्त कीं, जिनमें से 1421 शिकायतों सीधे सतर्कता से संबंधित थीं और उन पर त्वरित कार्रवाई की गई। इन सतर्कता से जुड़ी शिकायतों में से 62 मामलों में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने (ट्रैप) की कार्रवाई की गई, जबकि अन्य की गहन जांच चल रही है। अकेले वर्ष 2025 में ही 1064 हेल्पलाइन के माध्यम से मिली 331 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 12 ट्रैप किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए 92 अधिकारियों-कर्मचारियों में 13 राजपत्रित और 79 अराजपत्रित कर्मचारी शामिल हैं। ट्रैप के अलावा, आय से अधिक संपत्ति और अन्य अनियमितताओं के 24 मामलों में भी 7 राजपत्रित और 17 अराजपत्रित कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सतर्कता विभाग ने राजस्व, पुलिस, पंचायती राज, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन, वन, शिक्षा और शहरी विकास जैसे विभिन्न संवे. दनशील विभागों में सक्रिय भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसा है। आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा 29 ट्रैप राजस्व विभाग में किए गए, जिसमें 32 राजस्व कर्मियों की गिरफ्तारी हुई। क्षेत्रीय स्तर पर भी भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान जारी है। गढ़वाल मंडल में हरिद्वार में 21 और देहरादून में 10 ट्रैप ऑपरेशन किए गए, वहीं कुमाऊं मंडल में ऊधमसिंह नगर में सर्वाधिक 22 और नैनीताल में 11 ट्रैप सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए।

जनता को भ्रष्टाचार की शिकायत करने में आसानी हो, इसके लिए सतर्कता विभाग ने टोल फ्री नंबर 1064, ईमेल वेबसाइट और व्हाट्सएप नंबर 9456592300 जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। निद. शक ने 1064 हेल्पलाइन को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया, "हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल को अटेंड करना अनिवार्य है। किसी भी कॉल को नजरअंदाज करने या उस पर तत्काल सूचना संबंधित अधिकारी को न भेजने पर संबंधित कर्मचारी का दायित्व निर्धारित करते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, विभाग के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। अभियोजन स्वीकृति, एफआईआर पंजीकरण और खुली जांच की अनुमति से संबंधित 29 मामले अभी भी शासन स्तर पर लंबित हैं, जिनकी मंजूरी का इंतजार है। विभाग इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रयासरत है ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को और तेज किया जा सके।

# डीएम व विधायक ने आपदा प्रभावितों के लिए की गंभीर चर्चा

**दैवीय आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास को लेकर घनसाली में समीक्षा बैठक, ग्रामीणों ने विस्थापन, सड़क, पुल और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं**



**शाह टाइम्स संवादाता**

**नई टिहरी।** मंगलवार को तहसील सभागार घनसाली में दैवीय आपदा प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह और जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आपदा प्रभावित ग्रामीणों के विस्थापन, सड़क, पुल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के दौरान विधायक शक्ति लाल शाह ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए थार्ती, सरुणा और बढ़ियार कूड़ा गांवों के विस्थापन संबंधी मामलों में शीघ्र स्थिति स्पष्ट करने की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जियोलॉजिस्ट और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम 15 दिनों के भीतर सर्वे कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने यह भी अवगत कराया कि स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को पीएचसी से सीएचसी में उच्चीकृत करने का शासनादेश शीघ्र जारी होगा और दिसंबर तक पिलखी तथा बेलेश्वर केंद्रों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों को 31 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त करने के लिए सभी विभागों द्वारा चिन्हीकरण कर लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों की समस्याएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आपदा से हुई क्षति पर मुआवजा प्रस्तावों को 72 घंटे के भीतर निस्तारित कर प्रभावितों को राहत दी जाएगी।

शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। अभिभावक शिक्षा समिति हाईस्कूल थौलधार के अध्यक्ष ने थौलधार भटवाड़ा नैलचामी विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का मामला उठाया और विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने सीडीओ और सीईओ को भवन की मरम्मत का प्रस्ताव एसडीआरएफ में भेजने के निर्देश दिए। ग्राम दोणी निवासी गंभीर सिंह नेगी ने शिकायत की कि 1999 के भूकंप से क्षतिग्रस्त उनके भवन की राहत राशि उनके भाई को दे दी गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा।

इसके अलावा बैठक में रगड़ी ग्राम पंचायत ने सिदोली गाड़ पर पैदल पुलिया की मरम्मत की मांग रखी। जिला पंचायत सदस्य घाती बूढ़ाकेदार मकानी देवी ने धर्मगंगा नदी के किनारे सुरक्षा कार्य कराने, विभिन्न गांवों को जोड़ने वाला पुल बनाने और गेंवाली, जखाणा, तोली, थाती समेत कई गांवों की सुरक्षा व सड़क सुविधा को लेकर प्रस्ताव रखे। जिलाधिकारी ने एसडीएम घनसाली को इन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सिल्ली थार्ती के सरमोली क्षेत्र के ग्रामीणों ने अतिवृष्टि और भूस्खलन से सात परिवारों के घर क्षतिग्रस्त होने की समस्या रखी। इस पर जिलाधिकारी ने जियोलॉजिकल सर्वे करवाने के आदेश दिए।बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष घनसाली आनंद सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गोविंद सिंह, ब्लॉक प्रमुख भिलंगना राजीव कंडारी, डीडीओ मो. असलम, एसडीएम घनसाली संदीप कुमार, ईई लोनिवि डी.सी. नौटियाल, ईई पेयजल के.एन. सेमवाल, ईई सिंचाई अनूप कुमार डियूंडी, डीपीआरओ एम.एम. खान, डीडीएमओ बृजेश भट्ट, तहसीलदार महेशाशाह, हरीश जोशी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जोषीमठ के कास्तकारों ने जाना जड़ी-बूटी का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विश्व हिमालय दिवस के अवसर पर गढ़वाल विश्वविद्यालय के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) और हिमोत्थान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में औषधीय एवं सगन्ध पादपों की नर्सरी प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का प्रयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जोशीमठ के विभिन्न गांवों से पहुंचे 30 से अधिक काश्तकारों को जड़ी-बूटी से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को रूद्रप्रयाग में स्थित हैप्रेक संस्थान की नर्सरी बनियाकुंड में किसानों को उच्च हिमालयों में पाएं जाने वाली जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर काश्तकारों को जड़ी-बूटी के खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जड़ी-बूटी के कृषिकरण के बारे में जानकारी जुटाई। इस मौके पर हैप्रेक संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल, डॉ. प्रदीप डोभाल, डॉ. जयदेव चौहान, विपिन सेमवाल, मुकेश करासी के साथ ही हिमोत्थान संस्था से प्रदीप भंडारी, पुष्कर, दीपिका रावत, दमयंती देवी सहित आदि मौजूद थे।

# एलयूसीसी ठगी मामले में आंदोलनकारी सरस्वती बैठी अनसन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** द लोनी मल्टी तृप्त कोआपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) ठगी पीड़ितों की रकम वापसी की मांग को लेकर आंदोलनकारी सरस्वती देवी ने नगर के अलकेश्वर घाट पर अनशन शुरू कर दिया है। सरस्वती देवी ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मान लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

बताते चले कि एलयूसीसी ठगी पीड़ित महिला एजेंटों द्वारा बीते तीन महीनों से अधिक समय से नगर की पीपलचौरी के पास अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। बीते कुछ दिनों से एलयूसीसी महिलाओं ने देहरादून पहुंच रकम वापसी की मांग कर रहे थे। यहां प्रदर्शन के दौरान महिलाओं को त्रिवेणी घाट पर प्रशासन द्वारा छोड़ा गया, जिससे आक्रोशित महिलाओं ने अब नदी तटों पर ही आंदोलन शुरू कर दिया है।

श्रीनगर में भी आंदोलन का नेतृत्व कर रही सरस्वती देवी ने अलकेश्वर घाट पर भूख हड़ताल के साथ अनशन शुरू कर दिया है। मंगलवार को घाट पर अनशन शुरू करने पहुंची सरस्वती देवी ने बताया कि यह श्राद्ध का माह चल रहा है, ऐसे में अब घाट पर बैठकर ठगी पीड़ित महिलाएं दोषियों का तर्पण करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक शासन प्रशासन की ओर से ठगी पीड़ितों को राहत देने के लिए ठोस निर्णय नहीं लिया जाता तब तक प्रदर्शन व आंदोलन जारी रहेगा।

# 3 माह से पेयजल संकट, लोगों ने किया जल संस्थान का घेराव

**जलापूर्ति न होने पर आक्रोशित वार्डवासियों की नारेबाजी और जुलूस प्रदर्शन**
**दो दिन में पानी नहीं आया तो तालाबंदी और आमरण अनशन की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तीर्थनगरी देवप्रयाग नगर पालिका के धनेश्वर वार्ड में पिछले तीन महीनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। लगातार पानी की किल्लत झेल रहे लोगों का धैर्य मंगलवार को टूट गया और आक्रोशित वार्डवासियों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव करते हुए जोरदार नारेबाजी और जुलूस प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों ने विभाग को चेतावनी दी कि यदि जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे कार्यालय में तालाबंदी के साथ आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। वार्डवासियों का कहना है कि जल संस्थान पिछले तीन माह से लगातार पानी की आपूर्ति सुचारु करने का आश्वासन देता आ रहा है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। मजबूरन लोगों को दो किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। इस कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पौड़ी जिले के धनेश्वर वार्ड के बाह बाजार, रौड और सौड गांव के लोग, सभासद विमल मिश्रा की अगुवाई में जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें और ज्ञापन दिए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इस वजह से आमजन का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सभासद विमल मिश्रा ने साफ चेतावनी दी कि यदि अगले दो दिनों में वार्ड में पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वह विभागीय कार्यालय में तालाबंदी करने के साथ आमरण अनशन शुरू करेंगे। प्रदर्शन में पूर्व प्रधान उत्तम सिंह, सजन सिंह, प्रदीप मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, विनोद मिश्रा, चुन्नी भट्ट, कुसुम देवी, लाली देवी सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

इधर जानकारी मिली है कि वार्ड-4 में पेयजल संकट दूर करने के लिए नई लाइन बिछाने की योजना बनाई गई है। फिलहाल लोगों की समस्या को देखते हुए मेन लाइन से अस्थायी जलापूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जल्द ही ठोस कदम उठाकर इस गंभीर समस्या का समाधान करेगा।

## एक नजर .......

### श्रीनगर में सहकारिता गोष्ठी का आयोजन

**श्रीनगर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर श्रीनगर में सहकारिता गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में सहकार बंधुओं, अधिकारियों व सहकारिता विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान बैंकिंग सुधार, ऋण वसूली, एनपीए, कंप्यूटरीकरण, नए खातों का सृजन तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना पर चर्चा हुई। गोष्ठी में सहकारिता की उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के निवर्तमान उपाध्यक्ष महावीर कुकरेती, इफको देहरादून के निदेशक उमेश त्रिपाठी समेत उपस्थित रहे।

### एलयूसीसी सदस्यों का धरना जारी

**कोटद्वार।** द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों ने शासन प्रशासन से कंपनी में डूबी रकम दिलाने के लिए मंगलवार को लगातार 65वें दिन तहसील परिसर में धरना दिया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को एलयूसीसी के सदस्य तहसील में एकत्र हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी कर धरना दिया। धरनास्थल पर हुई सभा में सुरेश नेगी ने सभी को देहरादून में सीएम आवास के घेराव कार्यक्रम की जानकारी दी। कहा कि सीएम से वार्ता नहीं होने के कारण कुछ सदस्यों ने देहरादून में धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कहा कि सभी सदस्य शासन-प्रशासन से कंपनी में फंसी रकम के लिए धरना दे रहे हैं। धरना देने वालों में सुरेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, सुनीता नेगी, पूजा, आरती और विनीता आदि शामिल रहे।

### नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न

**कोटद्वार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक जिला कोटद्वार की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई । जिसके उपरांत मंगलवार को जिला कार्यालय में सभी नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई । जिसमें जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल के द्वारा सभी पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन रावत की गरिमामयी उपस्थिती रही ।जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और संबोधित किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि समस्त पदाधिकारी गण आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे । सभी पदाधिकारियों ने भी आभार संबोधन दिया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, भाबर मंडल अध्यक्ष आशीष रावत और सुखरौ मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महापौर ने किया सार्वजनिक शौचालय एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार के महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने नगर आयुक्त पीएल शाह एवं निगम अधिकारियों के साथ मिलकर नगर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्वच्छता व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता, नियमित सफाई और नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शौचालयों में पानी, सफाईकर्मी एवं आवश्यक सामग्रियों की निरंतर उपलब्धता बनी रहे।

ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए महापौर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएं। साथ ही उन्होंने अपील की कि नागरिक भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि कोटद्वार नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस अवसर पर महापौर रावत ने कहा कि नगर निगम टीम लगातार नागरिकों की सुविधाओं और नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु कार्य कर रही है। आने वाले समय में नगर क्षेत्र में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी नई योजनाओं को भी धरातल पर उतारा जाएगा। निरीक्षण कार्यक्रम में महापौर एवं नगर आयुक्त के साथ निगम सहायक आयुक्त, सफाई निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने सड़कों कों सुचारु करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जनपद चमोली में आपदा के चलते लम्बे समय से बाधित सड़क संपर्क मार्गो को सुचारु करने एवं सड़क मार्ग से कटे गांवों में खाद्यान्न समस्या को दूर करने हेतु जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिलाधिकारी कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने विकासखंड थराली, पोखरी, कर्णप्रयाग,और गैरसैण के गावों की बाधित सड़कों के बारे में अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बाधित सड़क मार्गो को शीघ्र सुचारु करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई एवं पीडब्ल्यूडी विभाग आपसी समन्वय से जेसीबी, पोकलैंड और डंपर जैसी मशीनरी का उपयोग कर मार्ग सुचारु का कार्य तेजी से करें। इसके साथ ही ब्रिड्कुल और एनपीसीसी के अधिकारियों को भी सड़कों को सुचारु रखने के निर्देश दिए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मार्ग सुचारु करने की डेली प्रगति रिपोर्ट आपदा परिचालन केंद्र को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही तहसील प्रशासन को गांवों में राशन किट और अन्य आवश्यक सामग्री समय पर पहुँचाने और साथ ही राहत कार्यो की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि प्रतिदिन आने वाली चुनौतियों की जानकारी भी आपदा परिचालन केंद्र को भेजी जाए, ताकि राहत कार्यो को और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक के दौरान तहसीलदार पोखरी द्वारा राहत कार्यो की सही जानकारी न दिए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी,अपर जिलाधिकारी डॉ विवेक प्रकाश, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी सहित वीसी से एसडीएम कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगण,अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी राजेश चंद्रा,पीएमजीएसवाई और पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता जुड़े रहें।

# पुलिसकर्मी की रिवॉल्वर चलने से दो लोग घायल, हुआ सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** दो दिन पहले कोटद्वार में एक पुलिसकर्मी की सर्विस रिवॉल्वर चलने से परिवार की दो महिलाओं के घायल होने के मामले में विभाग ने पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया है। हरिद्वार जनपद में तैनात पुलिसकर्मी हरेंद्र सिंह की सर्विस रिवाल्वर से फायरिंग की घटना में परिवार की दो महिलाओं के घायल होने के मामले की जांच विभाग ने शुरू कर दी है ।साथ ही हरिद्वार पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। वही कोटद्वार भाबर के झंडीचौड़ उत्तरी में जांच के लिए पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विभागीय मामला होने के कारण कोटद्वार पुलिस मामले की जांच रिपोर्ट हरिद्वार जिला पुलिस को भेजेगी। कल इस घटना को लेकर श्रीनगर से फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। इस मामले में कोटद्वार पुलिस की ओर से बीते रविवार को ही घटनास्थल को सील कर दिया गया था। कोटद्वार पुलिस ने पुलिस कर्मी की सर्विस रिवाल्वर कब्जे में ले ली है। बीते रविवार दिन में हुई इस घटना में पुलिस कर्मी हरेंद्र की पत्नी लक्ष्मी देवी और भाभी पुनीता देवी घायल हो गई थी। जिसके बाद मामले की गहनता से जांच चल रही है।

# विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया

**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के निर्देश पर मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर सिविल जज अलका के साथ ही बार एशोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, सचिव बह्मनन्द भट्ट, विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता पंवार, मुकेश काला, मुकेश बहुगुणा, शालिनी, मुकेश मैठाणी, बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

# चरागाह की भूमि को बाहरी लोगों को बेचने का विरोध

**कोटद्वार।** तहसील कोटद्वार के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामड़ी के तोक ग्राम कैलाखर की चारागाह की भूमि को बाहरी लोगों को बेचने का स्थानीय निवासियों ने विरोध किया है। कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए। मंगलवार को ग्राम कैलाखर के लोग तहसील पहुंचे और उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वे पुश्तों से उक्त भूमि पर अपने पशुओं का चुगान करते आए हैं, लेकिन वर्तमान में एक स्थानीय व्यक्ति उक्त भूमि को बाहरी लोगों को बेचने का प्रयास कर रहा है।

# विभाग मिलकर हिमालय सामूहिक संगठन गठित करे:वीसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के भूगोल विभाग की ओर से हिमालय दिवस के अवसर पर नवीनीकरण ऊर्जा के माध्यम से हिमालयी स्थिरता: सौर ऊर्जा पर विशेष बल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर गढ़वाल विवि में पौधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही छात्रों को हिमालय बचाओं की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि पूरा मध्य भारत हिमालय पर निर्भर है और आज हिमालय पर



गहरा संकट है। कहा कि हिमालय को तभी स्वच्छ रखा जा सकता है जब हम खुद अपने स्वभाव में स्वच्छता नहीं ला जाते। प्रो. सिंह ने कहा कि गढ़वाल विवि को प्लासटिंक मुक्त किए जाने की मुहिम चल रही है। कहा कि छोटे-छोटे प्रयास सामुहिक रूप से बड़े हो जाते है। साथ ही विवि में हिमालय कलेक्टिव बनाना चाहिए। जिसमें विवि के सभी विभागों की भागीदारी होनी चाहिए। जिससे हिमालय बचाने को लेकर चर्चा हो। कहा कि प्रकृति पर हम तभी चर्चा करते है, जब कोई घटना घटित हो जाती है। वहीं इस अवसर पर भुगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएस पंवार ने कहा कि हिमालय को बचाने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। साथ ही हमें हिमालय के प्रति अधिक स्वेदनशील होना होगा, तभी हिमालय को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि भुगोल विभाग वर्ष 2012 से लगातार हिमालय दिवस परे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व हिमालय से जुड़ा हुआ है जब हिमालय बचेगा तभी हम बच पाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सांक्रो निर्मला देवी भंडारी, डा. प्रताप भंडारी, डॉ. बीपी नैथानी, संकाय अध्यक्ष प्रो. एससी नैनवाल, प्रो. हरिभजन चौहान, प्रो. अजीत नेगी, चौरास परिसर ने निदेशक प्रो. आरएस नेगी, प्रो. वाईपी रेवानी, प्रो. एससी सती सहित आदि मौजूद थे।

क्विज में आस्था और पेंटिंग में अनुष्का ने मारी बाजी

श्रीनगर। कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। क्विज प्रतियोगिता में आस्था, पल्लवी, मो. हित, पल्लवी और तेजेंद्र ने बाजी मारी। जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में अनुष्का चौहान, आकांक्षा और अनुष्का विजेता रहे।

# टीएचडीसी भू-धंसाव प्रभावित पल्ला गांव का जल्द से जल्द करें पुनर्वास : विधायक लखपत बुटोला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ज्योर्तिमठ :** बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने आपदा प्रभावित पल्ला गांव का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

विगत दिनों भू-धंसाव होने से ज्योर्तिमठ विकास के अंबेडकर पल्ला गांव के 30 से अधिक परिवारों के घरों में दरारें आने से प्रभावित हो गए हैं। प्रशासन ने खतरे को देखते हुए सभी प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर टैंटों में ठहराया गया है। प्रभावितों ने भू-धंसाव के लिए टीएचडीसी के निर्माणाधीन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना 444 मेगावाट को जिम्मेदार ठहराया है। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने पल्ला गांव पहुंचकर प्रभावितों की आपबीती सुनी और हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही टीएचडीसी के महाप्रबंधक अजय वर्मा से बात की गई। महाप्रबंधक ने मानसून सीजन खत्म होते ही प्रभावित परिवारों के लिए टिनशेड बनाने का आश्वासन दिया।

विधायक ने कहा कि टीएचडीसी के भूमिगत टनल निर्माण से पल्ला गांव में भू-धंसाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को राहत देने के साथ ही टीएचडीसी प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावितों का जल्द से जल्द पुनर्वास करें।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बुलक सिंह भंडारी का आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भाजपा संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता और शक्ति केंद्र संयोजक पट्टी रौणद रमोली के भैंतला गांव निवासी बुलक सिंह भंडारी का 58 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनके निधन को संगठन और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

बुलक सिंह भंडारी को पार्टी का सच्चा, निष्ठावान और ईमानदार सिपाही माना जाता था। वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहकर संगठन को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। उनके निधन से पार्टी के कार्यकर्ताओं में गहरा दु:ख है और सभी ने उन्हें संगठन का स्तंभ बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

भंडारी के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र के विधायक बिक्रम सिंह नेगी, पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष ममता पंवार, मंडल अध्यक्ष मनोज रमोला, बसंत चौहान, मंडल महामंत्री मुरारी रांगड़, राजपाल राणा, राहुल राणा, नंदकिशोर पैन्यूली, संजय पैन्यूली, सत्यप्रसाद डिमरी, नरेश उनियाल, जयप्रकाश जोशी, होशियार सिंह पंवार और परशुराम सेमवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# नई टिहरी में खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला मुख्यालय में खाद्य संरक्षा और औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को सघन निरीक्षण अभियान चलाया। डीएम नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर किए गए इस अभियान में टीम ने शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले तीन कारोबारियों को नोटिस थमाए गए, जबकि दो खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए सरकारी प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान टीम ने खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जांच की तथा सभी को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि नोटिस का निर्धारित समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में संबंधित कारोबारियों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने एफएसएसएआई के नवाचार कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सभी खाद्य कारोबारियों को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें स्वच्छ एवं ताजा भोजन परोसने, स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पालन करने के सख्त निर्देश भी दिए गए।

अभियान के दौरान टीम ने संदेह के आधार पर दो खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे। निरीक्षण में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा और सहायक अधिकारी श्रीचंद कुमाईं शामिल रहे।

अधिकारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## राइफल क्लब बना गरीबों का सहारा

# असहायों को मिली 11 लाख की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जहाँ बंदूकें सिर्फ सुरक्षा और रुतबे का प्रतीक मानी जाती हैं, वहीं देहरादून में अब राइफल क्लब का फंड असहायों के लिए उम्मीद की किरण बन गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने एक अभूतपूर्व पहल करते हुए राइफल क्लब से मिलने वाले पैसों को समाज के सबसे जरूरतमंद तबके तक पहुँचाने का बीड़ा उठाया है। इस अनूठी पहल के तहत, अब तक 11.05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता 130 से अधिक लोगों को दी जा चुकी है। यह फंड, जो आमतौर पर हथियारों के लाइसेंस और नवीनीकरण से आता है, अब गरीबी, बीमारी और बेबसी से जूझ



रहे लोगों का सहारा बन रहा है। हाल ही में, डीएम ने 6 और लोगों को 1.35 लाख रुपये की सहायता प्रदान की। इनमें एक विधवा महिला मीनाक्षी रतूड़ी शामिल हैं। इस दोरान कुमकुम जोशी बोली की जिनके बच्चों की पढ़ाई फीस न जमा होने के कारण रुकने वाली थी। साथ ही, कैंसर से पीड़ित शारदा देवी और बीमार दीपा देवी को इलाज के लिए मदद मिली। एक दिव्यांग युवक जितेंद्र को बिजली का बिल भरने के लिए पैसे मिले, जिससे उसके घर की रोशनी वापस लौट आई। जिलाधिकारी बंसल ने इस पहल को ष्सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी)ष का हिस्सा बताया और कहा कि यह फंड अब ष्लक्जरी ट्रांजेक्शनष से हटकर समाज के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। यह अनूठी पहल यह साबित करती है कि अगर इरादा नेक हो तो किसी भी स्रोत से मिली मदद, जरूरतमंदों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# हिमालय हमारे अस्तित्व, संस्कृति और सभ्यता की धरोहर : जोशी

### हिमालय दिवस पर सैनिक कल्याण मंत्री ने लैंसडाउन छावनी में किया वृक्षारोपण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ लैंसडाउन।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हिमालय दिवस के अवसर पर लैंसडाउन छावनी क्षेत्र में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर गढ़वाल राइफल्स के जवानों और अग्निवीर रंगरूटों ने भी भागीदारी की।



सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने प्रदेशवासियों को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमालय हमारे अस्तित्व, संस्कृति और सभ्यता की धरोहर है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक भौगोलिक संरचना नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि हिमालय की गोद से निकलने वाली नदियाँ न केवल भारत बल्कि विश्व की एक बड़ी आबादी को जीवनदायिनी जल उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं और वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन का रूप दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हिमालय की सुंदरता, जैव विविधता और प्राकृतिक संपदा को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।

# नौनिहालों का भविष्य संवारेंगे आधुनिक डे-केयर सेंटरः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शहर के कामकाजी अभिभावकों को राहत देते हुए, जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून के डे-केयर सेंटरों को आधुनिक और हाई-टेक बनाने का संकल्प लिया है। मंगलवार को सर्वे चौक स्थित डे-केयर सेंटर के निरीक्षण के दौरान, डीएम ने बच्चों के लिए सुरक्षित और शिक्षा अनुकूल माहौल बनाने पर जोर दिया।

डीएम ने इस दौरान कहा कि नौनिहाल हमारे समाज की नींव हैं और उन्हें सुरक्षित तथा बेहतर शिक्षा का माहौल देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सेंटर में स्मार्ट टीवी, डिजिटल बोर्ड, ज्ञानवर्धक कॉमिक्स और एक लाइब्रेरी कॉर्नर जैसी सुविधाएं जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही, बच्चों के लिए श्बालाश फर्नीचर और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए जिला योजना से तत्काल बजट भी स्वीकृत कर दिया। डीएम बंसल ने बताया कि इन सुविधाओं का उद्देश्य सिर्फ बच्चों की देखभाल करना नहीं, बल्कि खेल-खेल में उन्हें शिक्षा से जोड़ना भी है। उन्होंने बाल विकास विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवश्यक वस्तुओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इस पहल से कामकाजी माताओं को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि वे अपने बच्चों को एक सुरक्षित और पोषण से भरपूर वातावरण में छोड़ सकेंगी। डीएम ने साफ-सफाई और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साल 58 आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया गया था और इस साल 150 और केंद्रों को आधुनिक बनाया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान, डीएम के साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह और सीडीपीओ डॉ. शिखा कंडवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रकृति हमें दे रही वार्निंग, समझने की जरूरतः राज्यपाल

### हिमालय को बचाने की जिम्मेदारी सबको उठानी पड़ेगी, यूपीईएस में हुआ 'हिमालय कॉलिंग 2025' का शुभारंभ

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देश-दुनिया में आपदाएं क्यू आ रही हैं, नेचर बार-बार संदेश दे रहा है, हमे कुदरत की आवाज को समझना होगा। यह बात मंगलवार को यूपीईएस में तीन दिवसीय 'हिमालय कॉलिंग 2025' का शुभारंभ करते हुए उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने कही।



उन्होने कहा कि हिमालय कॉलिंग हमारे महान हिमालय की रक्षा के लिए एक सामूहिक प्रतिबद्धता है, जो हमारी धरती और हमारी आत्मा दोनों के संरक्षक हैं। हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर लर्निंग एंड लीडरशिप ऐसा मंच बन गया है, जहाँ ज्ञान और कर्म का संगम होता है, जो समुदायों, वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और छात्रों को एकजुट कर स्थायी समाधान तैयार करता है। मैं यूपीईएस को इस दूरदर्शी सम्मेलन के आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ, और कामना करता हूँ कि यहाँ साझा किए गए विचार ऐसे ठोस कार्यों में बदलें जो पर्यावरण की रक्षा करें, युवाओं को सशक्त बनाएं और हिमालय की आत्मा को संजोए रखें।

उल्लेखनीय है कि यह तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर लर्निंग एंड लीडरशिप की और से देहरादून कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि को सामने लाना, सतत विकास पर शोध और नीति चर्चाओं को बढ़ावा देना। इसमें 17 ऑफलाइन और 9 ऑनलाइन सत्र होंगे। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, सामाजिक नेता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि इसमें मुख्य भाषण देंगे, जबकि यूपीईएस नेतृत्व द्वारा आयोजित गोलमेज चर्चाओं में शोध, तकनीकी हस्तांतरण और सामुदायिक कार्यों पर ठोस सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। सम्मेलन में 10 पद्म पुरस्कार विजेता भाग ले रहे हैं, डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, प्रो. जीपी तलवार, डॉ. एनके गांगुली, डॉ. प्रेम चंद शर्मा, प्रो. वीसी ठाकुर, डॉ. कल्याण सिंह रावत, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. माधुरी बर्थवाल, डॉ. बलेंदु प्रकाश और डॉ. अनुप साहा आदि शामिल है। यूपीईएस के कुल. पति डॉ. राम शर्मा ने कहा हिमालय कॉलिंग एक जीवंत कक्षा है। वैज्ञानिकों, नवप्रवर्तकों, कलाकारों, नीतिनिर्माताओं और समुदायों को एक साथ लाकर हम शोध को व्यवहार में बदल रहे हैं और सतत विकास लक्ष्यों को वहीं गति दे रहे हैं। डॉ. जे.के. पांडेय ने कहा इस वर्ष हमारा दृष्टिकोण समाधान-प्रधान है, जहाँ हम गहन शैक्षणिक शोध को सामुदायिक ज्ञान के साथ जोड़ रहे हैं।

# नगर आयुक्त ने दिया महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान

**▪ एफआरआई देहरादून में रोल आफ अर्बन फॉरेस्ट्री एंड कम्युनिटी इंगेजमेंट इन बिल्डिंग क्लाइमेट रेजिलेंट सिटीज पर रखे विचार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की नगर आयुक्त नमामी बंसल ने एफआरआई देहरादून में रोल आफ अर्बन फॉरेस्ट्री एंड कम्युनिटी इंगेजमेंट इन बिल्डिंग क्लाइमेट रेजिलेंट सिटीज पर व्याख्यान दिया गया। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने शहरी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के



कारण पड रहे विभिन्न तरह के नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख करते हुए इस वर्ष देश के अग्रणी शहरों गुरुग्राम, नोएडा , बेंगलुरु इत्यादी में वर्षा के कारण आये।

अर्बन फ्लड , देहरादून शहर की बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ बढ़ते तापमान, वर्षा ऋतु में परिवर्तन, प्रदूषण आदि समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए नगर निगम, देहरादून द्वारा उपरोक्त के समाधान के लिए उठाये गये विभिन्न नवाचार प्रयासों की विस्तरित जानकारी सभा को दी गयी। इस क्रम में सर्वप्रथम जनवरी माह पब्लिक स्पेसिज कंसल्टेशन कांक्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित फर्मो ने प्रतिभाग किया । जिनके दिए गये सुझावों के अनुसार बच्चों एवं वृद्धों के लिए विशेष सुविधाओं वाले पार्को का निर्माण, हरित पखवाड़े में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत जनभागीदारी के माध्यम से एक लाख पौधे लगाये जाना, हरित नीति तैयार किया जाना, गीला-सूखा कूड़ा पृथक-पृथक कर उपलब्ध कराने पर यूर्जस चार्जस में सब्सिडी देना, कूड़ा एकत्रीकरण कार्य में गैर सरकारी संगठनों का सहयोग प्राप्त करना आदि कार्य शामिल हैं।

## हुड़दंगियों पर भारी पड़ी पुलिस 4 गिरफ्तार

**देहरादून।** कौलागढ़ और बिंदाल क्षेत्र में हुए हंगामे के बाद कैंट पुलिस ने दिखाई मुस्तैदी ओर कानून का पाठ पढ़ाया। गणेश विसर्जन के दौरान मारपीट कर रहे हुड़दंगियों को पुलिस ने तुरंत काबू किया, शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई। पुलिस की क्विक एक्शन के चलते विसर्जन के दौरान बवाल करते 4 युवक गिरफ्तार किये।कंट्रोल रूम की सूचना पर कैंट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली, कानून तोड़ने वालों को नहीं बख्शा।

# सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी के स्वास्थ्य का हालचाल जाना

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित मैक्स हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता भुवन चंद्र खंडूरी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। खंडूरी वर्तमान में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अस्पताल में उपचाररत हैं।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से खंडूरी के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने उनसे भी खंडूरी के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली।

# प्रदेश के लिये 20 हजार करोड़ का राहत पैकेज जारी करे केंद्रः माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अलग और विशेष राहत पैकेज जारी करने की मांग करते हुए कहा कि पहले उन्होंने 10,000 करोड़ की सहायता का आग्रह किया था, मगर हालात की गंभीरता को देखते हुए अब यह राशि अपर्याप्त है। धामी सरकार ने केन्द्र से केवल 5,700 करोड़ मांगे हैं, जबकि अकेले जोशीमठ के पुनर्निर्माण में लगभग 6,000 करोड़ की आवश्यकता है।

उन्होंने पिछले वर्ष की जोशीमठ आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि सिर्फ एक क्षेत्र के लिए ही जरूरी है। माहरा ने राज्य के अन्य आपदा प्रभावित इलाकों का भी जिक्र किया, जहां लोगों को अभी तक कोई राहत नहीं मिली। कर्णप्रयाग के बहुगुणा ग्राम में 35 मकान क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन प्रभावित परिवारों को सहायता नहीं मिली। गोपेश्वर और नैनीताल (बलिया नाला क्षेत्र) में लगातार भूस्खलन हो रहे हैं। खटिया, खाती गांव, भराड़ी, सौंग और धारचूला जैसे क्षेत्रों में भी आपदाएं आईं, पर अब तक आर्थिक मदद नहीं पहुंची।

# मनपसंद विषयों का चयन कर सकेंगे छात्र-छात्राएंः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नई शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रदेश के छात्र-छात्राओं के पास अपनी मनपसंद के विषय चयन करने का विकल्प रहेगा, इसके साथ ही उन्हें मल्टीपल एन्ट्री व एक्जिट का भी अवसर मिलेगा। छात्र-छात्राओं को कौशल संवर्द्धन, भारतीय ज्ञान परम्परा, ओपन डिस्टेंस लर्निंग, एकेडेमिया-इंडस्ट्री सहयोग के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीयकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानिक सहयोग का भी लाभ मिलेगा। इसके लिये सभी प्रकार की शिक्षा से जुड़े विभागों को नेशनन क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत पाठ्यक्रम तैयार करना होगा।



सूबे के विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय स्थित सभागार में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत गठित टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नई शिक्षा नीति-2020 के तहत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। डॉ. रावत ने कहा कि एनईपी-2020 के तहत प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को अपनी पसंद के विषयों को पढ़ने की छूट रहेगी। इसके साथ ही उन्हें मल्टीपल एंट्री व एक्जिट का भी अवसर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने सभी सभी प्रकार की शिक्षा से जुड़े शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को नेशनन क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत पाठ्यक्रम तैयार कर लागू करने को कहा। डॉ. रावत ने कहा कि विशेषकर मौजूदा आवश्यकताओं के मध्यनजर छात्र-छात्राओं को तकनीकी ज्ञान संबंधी पाठ्यक्रम ईवी तकनीकी, आईओटी, एसआई, डाटा एनालिसिस, इमर्जिंग टेक व एण्टरप्रेन्यूरशिप एण्ड न्यू वेन्चर क्रिएशन आदि को शामिल करना होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित ज्योतिष विज्ञान, आयुष विज्ञान, योग विज्ञान, वास्तु विज्ञान, कृषि, वानिकी एवं औद्यानिकी को भी पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। बैठक में मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा डॉ. रणजीत सिन्हा, सचिव वित्त वी. षणमुगम, सचिव कृषि एवं कृषि शिक्षा एस. एन.पाण्डेय, सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक गैरोला, प्रो. डीएस रावत, प्रो. एनके जोशी, प्रो. सुरेखा डंगवाल, प्रो. परविंदर कौशल, प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, प्रो. एसपीएस बिष्ट, प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी, दीप्ति सिंह, निदेशक तकनीकी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, एससीईआरटी, संयुक्त निद.ेशक उच्च शिक्षा, पंतनगर विश्व. विद्यालय के प्रतिनिधि सहित विभिन्न संस्थानों के सदस्य उपस्थित रहे।

### एनईपी-2020 के तहत लागू पाठ्यक्रम को लेकर दिया प्रस्तुतिकरण

बैठक में नोडल विभाग उच्च शिक्षा ने एनईपी-2020 को लेकर नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क एवं पाठ्यक्रम सुधार, बहुविषयक विकल्प, कौशल संवर्धन, डिजिटल इनिशिएटिव, ग्रेडेड ऑटोनॉमी, मल्टीपल ऑटोनॉमी, मल्टीपल एन्ट्री-एक्जिट, अकादमिक शोध, गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण, भारतीय ज्ञान व्यवस्था, एकेडेमिया-इंडस्ट्री सहयोग, ओपन डिस्टेन्स लर्निंग, अंतर्राष्ट्रीयकीकरण एं अंतर्राष्ट्रीय सांस्थानिक सहायोग आदि विषयों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। इसके साथ ही विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं कृषि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों में लागू किये जा रहे पाठ्यक्रम का प्रस्तुतिकरण दिया।

# कंधे से जुड़ी चोटों का समय पर करें उपचारः डॉ गौरव

### कंधे से जुड़ी चोटों को लेकर देश के कई राज्यों के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने किया मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** इंडियन ऑर्थोस्कोपी सोसायटी तथा उत्तराखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दिन रविवार को देहरादून कंधे के जोड़ों से संबंधित समस्याओं, उपचार की आधुनिक तकनीकों और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उपायों पर एक विस्तृत चिकित्सा संगोष्ठी आयोजित की गई।

राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ अर्थोपेडिक विशेषज्ञ, आर्थ्रोस्कोपी सर्जन, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ तथा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अन्य पेशेवर बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौरव गुप्ता (देहरादून), वरिष्ठ अर्थोपेडिक विशेषज्ञ ने की। उनके साथ प्रमुख रूप से डॉ. इंदरदीप सिंह (अमृतसर), डॉ. शिरीधर गंगवारुपु (विशाखापट्टनम), डॉ कल्पेश त्रिवेदी (अहमदाबाद), डॉ अभिषेक अग्रवाल (लखनऊ), डॉ ऋषभ जयसवाल (लखनऊ), डॉ. पुनीत अग्रवाल (हल्द्वानी), डॉ प्रदीप पांडे (हल्द्वानी), डॉ. एस. एन. सिंह (देहरादून) के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों एवं उत्तराखंड राज्य के सभी क्षेत्रों से कई अन्य नामी आर्थोपेडिक विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की



और कंधे की समस्याओं पर अपने अनुभव साझा किए।

डॉ. गौरव गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि "कंधे से जुड़ी समस्याएँ जैसे दर्द, गठिया, चोट, खेलों के दौरान लगी चोटें तथा उम्र से संबंधित जटिलताएँ आज आम हो गई हैं। समय पर उपचार न मिलने से मरीजों की दिनचर्या प्रभावित होती है। आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी तकनीक न्यूनतम चीरे के साथ सुरक्षित उपचार प्रदान करती है। ऐसे मंच डॉक्टरों के बीच सहयोग और अनुभव साझा करने के लिए आवश्यक हैं।"

कार्यक्रम में कंधे से जुड़ी समस्याओं पर कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। जिनमें आर्थ्रोस्कोपी द्वारा न्यूनतम इनवेसिव उपचार, खेलों के दौरान लगी चोटों का विशेषज्ञ उपचार, गठिया और जोड़ों की अन्य बीमारियों का प्रभावी प्रबंधन, फिजियोथेरेपी और पुनर्वास कार्यक्रम, समय पर उपचार और जागरूकता बढ़ाने की रणनीतियाँ विशेष शामिल रहे। सभी विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, शोध, प्रशिक्षण और आपसी सहयोग के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगी, बल्कि देशभर के डॉक्टरों के बीच संवाद और ज्ञान का आदान-प्रदान भी सुदृढ़ करेगी।

इंडियन ऑर्थोस्कोपी सोसायटी और उत्तराखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और रोगियों के उपचार को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# एनआईआरएफ फार्मेसी रैंकिंग में डीआईटी ने हासिल किया 83वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीआईटी विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विवि ने एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग्स 2025 (फार्मेसी श्रेणी) में देशभर में 83वां स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा मंत्रालय की और से जारी इन रैंकिंग्स में लगातार दूसरे वर्ष शामिल होना विवि की शैक्षणिक व अनुसंधान उत्कृष्टता के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कुलपति प्रो. जी. रघुरामा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे शैक्षणिक समुदाय की निष्ठा को दर्शाती है और शिक्षण-प्रशिक्षण तथा समावेशन में हमारा उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्र-केंद्रित शिक्षा, समावेशिता और अनुसंधान-आधारित प्रगति की हमारी प्रतिबद्धता को सिद्ध करता है।डीन प्रो. गिरीराज टी. कुलकर्णी ने कहा कि फार्मेसी संकाय उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, प्रभावी अनुसंधान, उद्यमिता और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से एक गतिशील विभाग बनने के विजन पर कार्यरत है और रिसर्च सीड ग्रांट, छात्र नवाचार परियोजनाएँ, आधुनिक अनुसंधान उपकरण तथा उद्योग सहयोग हमारी शोध क्षमता को सुदृढ़ कर रहे हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारएण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुआलिहा से बदलकर सानिया कर लिया है। भविष्य में मुझे सानिया पत्नि शमशाद अली के नाम से जाना जाए।

**सानिया पत्नि शमशाद अली.**
**निवासीः-43, मोरोंवाला,**
**क्लेमनटाउन, देहरादून, उत्तराखण्ड।**

### सीएम के दिशा-निर्देश पर हरिद्वार से शुरू हुई स्वास्थ्य महाकुंभ की तैयारियां

# हर घर तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं, किसी स्तर पर न हो लापरवाही : डा. राजेश कुमार

**उत्तराखंड में स्वास्थ्य पखवाड़ा बनेगा जनआंदोलन, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में होगा भव्य आयोजन**

**स्वास्थ्य सचिव ने डा. राजेश कुमार ने हरिद्वार से संभाली कमान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक उत्तराखंड सरकार द्वारा ष्स्वास्थ्य पखवाड़ाष भव्य और दिव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और जनजागरूकता बढ़ाने का एक ऐतिहासिक प्रयास बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का हर नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचे और लोग बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने और अंतिम छोर तक सेवाएं पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

धर्मनगरी हरिद्वार की जिम्मेदारी स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार को सौंपी गई है। मंगलवार को वे हरिद्वार पहुंचे, जहाँ विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक भगवानपुर ममता राकेश समेत कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य




पखवाड़ा केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और शासन के बीच सेतु बनने का प्रयास है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, निजी मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों तक विशेषज्ञ शिविर आयोजित हों। इन शिविरों में हृदय रोग, मधुमेह, स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार होगा। साथ ही, रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर जिले में रोस्टर तैयार कर जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों को इसमें जोड़ा जाए। इससे स्वास्थ्य शिविरों को व्यापक जनभागीदारी मिलेगी।

बैठक में डॉ. कुमार ने कहा कि प्रदेश को निक्षय मित्र योजना में देशभर में प्रथम स्थान दिलाना लक्ष्य है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि और जिलास्तरीय अधिकारी क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को गोद लें। इससे न केवल मरीजों को पोषण और सहयोग मिलेगा, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों की निगरानी सख्त करने और पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। झोलाछाप डॉक्टरों पर भी नजर रखने और उनके खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने स्वास्थ्य सचिव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य पखवाड़े को जनभागीदारी से सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा, ताकि हर घर तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुँच सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह, परियोजना निदेशक के. एन. तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, डॉ. कोमल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में एआरटीओ कार्यालय से लौट रहे अधिवक्ता को कोर्ट चौराहे के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से अधिवक्ता की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मनीष कुमार निवासी शेरपुर कुंडी ने तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई अरविंद कुमार अधिवक्ता था और तीन सितंबर को वह अपने साथी राजा सिंह के साथ एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद गया था। कार्य निपटाकर लौटते समय दोपहर बाद दोनों कोर्ट चौराहे के पास हिमल्टन कंपनी के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई अरविंद की मौत हो गई। सिडकुल थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# मतदान लोकतंत्र की मजबूती और जनता की आकांक्षाओं का है संकल्प : त्रिवेन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नई दिल्ली स्थित संसद भवन में भारत के 15वें उपराष्ट्रपति पद के लिए आयोजित चुनाव में हरिद्वार सासंद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भी मतदान किया। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह केवल संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और जनता की आकांक्षाओं को सर्वोच्च स्थान देने का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की यही सुंदरता है कि प्रत्येक निर्णय, प्रत्येक पद और प्रत्येक जिम्मेदारी जनता की इच्छा और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से तय होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए उपराष्ट्रपति अपने अनुभव, ज्ञान, दूरदृष्टि और राष्ट्रभावना से उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को नई ऊँचाई प्रदान करेंगे




और लोकतंत्र की जड़ों को और सशक्त करेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कलियर शरीफ दरगाह भेजी चादर

## हरीश रावत के प्रतिनिधि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने की चादरपोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दरगाह कलियर शरीफ के उर्स के मौके पर एक खास चादर भेजी। हरीश रावत के प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने चादर दरगाह हजरत साबिर पाक की चौखट पर पेश की। इस दौरान हरीश रावत के ओएसडी सैयद कासिम सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। हरीश रावत की तरफ से चादर पेश कर राव आफाक अली ने मुल्क और उत्तराखंड की सलामती की दुआ मांगी। दुआओं में मुल्क की तरक्की, भाईचारे और अमन-सुकून के साथ इस बार उत्तराखंड में आई आपदा से राहत और लोगों की सलामती की भी विशेष अरदास की गई। चादर चढ़ाने के बाद राव आफाक अली ने कहा कि यह चादर केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हरीश रावत का संदेश है कि इंसानियत सबसे बड़ा मजहब है। आज जब समाज में नफरत के बीज बोए जा रहे हैं, तो साबिर पाक की दरगाह हमें याद दिलाती है कि मोहब्बत और भाईचारा ही मुल्क की असली ताकत है। साथ ही उत्तराखंड की आपदा से जूझ रहे लोग सुरक्षित रहें, यही हमारी दुआ है। राव आफाक अली ने कहा कि दरगाह पिरान कलियर शरीफ, जिसे गंगा-जमनी तहजीब की सबसे बड़ी मिसाल माना जाता है, हर साल लाखों लोग अलग-अलग धर्म और समुदाय से यहां आते हैं। यही वह जगह है, जहां



की मिट्टी मोहब्बत और इंसानियत की खुशबू बिखेरती है। दरगाह के खादिमों ने भी हरीश रावत की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि जब नेता राजनीति से ऊपर उठकर इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं, तो समाज में अमन-चैन और मजबूत होता है।

# ज्वालापुर निवासियों ने की डिवाइडर बनाए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** यातायात पुलिस द्वारा अस्थाई बेरीगेट्स लगाकर ज्वालापुर कोतवाली मार्ग के यातायात को काफी समय से सुचारु किया हुआ है। लेकिन इस मार्ग पर क्षेत्र के लोग डिवाइडर निर्माण की मांग कर रहे हैं। जटवाड़ा पुल का मुख्य मार्ग होने के चलते रात-दिन छोटे बड़े वाहन इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। लगातार मार्ग पर वाहनों के जाम की स्थिति बन जाती है।



यह चौराहा मार्ग कस्साबान रोड, कटहरा बाजार मार्ग, बाल्मीकि बस्ती, सुभाष नगर एवं जटवाड़े पुल मार्ग से होकर यह सड़क गुजरती है। मात्र पुलिस के बेरीगेट्स के सहारे इस मार्ग पर वाहन चल रहे हैं। भीड़ का दबाव इस मार्ग पर 24 घंटे बना रहता है। स्थानीय निवासी हरिओम, रईस, अश्वनी शर्मा, जोगिंदर सिंह, राजीव का कहना है कि मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बड़ी संख्या में होती है। अस्थाई बेरीगेटस के चलते वाहन चालक गलत साइड से वाहन निकालते हैं। जिंन कारणों वाहन दुर्घटनाएं लगातार हो रही है। आए दिन वाहन चालक आपस में लड़ते झगड़ते हैं। गलत साइड पर वाहन चलाने के कारण रोजमर्रा दुर्घटनाएं हो रही है। सुभाष नगर पावधोई की ओर जाने वाले ट्रैक्टर ट्रक यातायात को प्रभावित कर रहे हैं। अश्वनी शर्मा ने मांग की है कि मार्ग पर स्थाई तौर पर डिवाइडर बनाया जाए। जिससे यातायात का संचालन ठीक रूप से हो सके। मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। जिससे दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

# ग्राम प्रधान मीर आजम ने वेब इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी एवं पफूड पार्क के लिए दी जमीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रतनपुर के ग्राम प्रधान मीर आजम ने अपनी सैकड़ों एकड़ भूमि रूड़की में स्थापित होने वाले बाइट वेब इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी एवं फूड पार्क के लिए देने का ऐलान किया है। ग्राम प्रधान मीर आजम ने इस आशय का सहमति पत्र बाइट वेब इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी एवं फूड पार्क के महाप्रबंधक पंकज शांडिल्य को सौंपा। पंकज शांडिल्य ने बताया कि रतनपुर के ग्राम प्रधान मीर आजम ने ग्राम प्रधान विकास सैनी चेयरमैन समेत दर्जनों ग्रामीणों के समक्ष अपनी सैकड़ों बीघा भूमि देने हेतु सहमति पत्र उनके माध्यम से महानिदेशक उद्योग, उत्तराखंड सरकार तक पहुंचाने के लिए सौपा है। निश्चित तौर पर प्रधान मीर आजम की पहल इस क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और आने वाले पीढ़ीयों के लिए प्रेरणा बनेगी। गौरतलब है कि उत्तराखंड औद्योगिक विकास नीति 2023 के अंतर्गत जनपद हरिद्वार के रूड़की तहसील में सिडकुल, हरिद्वार के तरह स्थापित होने जा रही बाइटवेव इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के दूसरे चरण में 1731 एकड़ भू अर्जन की कवायद जारी है। इस कड़ी में सोमवार को ग्राम पंचायत रतनपुर के ग्राम प्रधान मीर आजम ने सैकड़ों बीघा भूमि का सहमति पत्र बाइट वेब इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी एवं फूड पार्क के महाप्रबंधक पंकज शांडिल्य के माध्यम से उद्योग महानिदेशक उत्तराखंड को सौंप दिया।

बाइट वेब इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक पंकज शांडिल्य के साथ मिर्जापुर मुस्तफाबाद में ग्राम प्रधान मीर आजम के नेतृत्व में विशेष मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग में 1831 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित बाइटवेव इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के प्रथम चरण के 100 एकड़ भूमि खरीदने के बाद दूसरी चरण के 1731 एकड़ भूमि अर्जित को लेकर चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान ग्राम प्रधान खासा उत्साहित दिखाई दिए। उन्होंने अपने ग्राम पंचायत में औद्योगिक पार्क स्थापित करने में पुरजोर समर्थन देने का एलान किया।

## श्यामपुर पुलिस ने 7 जुआरियों को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार पुलिस ने अवैध जुएं पर शिकंजा कसते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, कस्बा कांगड़ी क्षेत्र में लंबे समय से सट्टा व जुआ खेले जाने की सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस टीम ने ग्राम कांगड़ी शेरा वाली मूर्ति के पास नहर पटरी स्थित जंगल में छापा मारा और ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते हुए सात व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 49,200 की नकदी और ताश के पत्ते भी बरामद किए। पकड़े गए आरोपितों में राजकुमार, रमेश सिंह नेगी, प्रवीन, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, रंगीला नाथ, निवासीगण हरिपुर कला, देहरादून तथा दरम्यान सिंह (निवासी श्यामपुर, हरिद्वार) शामिल हैं।

# नगर निगम ने अभियान चलाकर हटाए स्ट्रीट लाइट पोल पर लगाए गए तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार द्वारा अवैध तथा अनियंत्रित ढंग से लगाए गए तारों के जंजाल के विरुद्ध कार्यवाही गतिमान रखते हुए हरिद्वार रेलवे स्टेशन से सहगल पेट्रोल पम्प तक नगर निगम के स्ट्रीट लाइट पोल पर लगाए गए डिश टीवी तथा इंटरनेट फाइबर के तारों को हटाया गया। नगर निगम द्वारा 4 सितम्बर को शिवमूर्ति चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक अवैध रूप से लगे तारों को हटाया गया था। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम तारों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मध्य हरिद्वार, ज्वालापुर, कनखल, खड़खड़ी, भीमगोड़ा सहित पूरे शहर में तार हटाने की कार्रवाई निरंतर की जाएगी। नगर निगम की और से नागरिकों एवं सेवा प्रदाता कंपनियों से भविष्य में बिना अनुमति किसी भी प्रकार के तार, केबल अथवा उपकरण नगर निगम के स्ट्रीट लाइट पोल अथवा सार्वजनिक स्थलों पर न लगाए जाने की अपील भी की गयी है। साथ ही जिन स्थानों पर अनियंत्रित ढंग से तारों का जंजाल लगाया गया है, उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। हटाए ना जाने की स्थिति में नगर निगम द्वारा स्वयं कार्रवाई करते हुए तार हटाए जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित सेवा प्रदाता



कंपनी की होगी।

# सट्टे की खाईबाड़ी व शराब के धंधे में लिप्त पांच दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अवैध रूप से सट्टे की खाईबाड़ी और शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए ज्वालापुर ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अवैध धंधों पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को ज्वालापुर पुलिस ने अभियान चलाते हुए चेकिंग के दौरान संगीता टाकीज के पास से सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे शादाब पुत्र मुर्तजा निवासी झाड़ान पीठ बाजार ज्वालापुर को सट्टा सामग्री समेत दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, डायरी, पेन व 1430 रूपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। इसके अलावा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के 235 व अंग्रेजी शराब के 30 पव्वे बरामद हुए हैं। अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी अनिकेत



कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी मोहल्ला कडच्छ के कब्जे से देशी शराब के 90 पव्वे, नीरज पुत्र मोहन निवासी योगीपुरम कालोनी जमालपुर थाना कनखल के कब्जे से 54 पव्वे, राधेश्याम पुत्र दुर्गा पाल निवासी इक्कड़ कला थाना पथरी के कब्जे से 52 पव्वे व मोटरसाइकिल तथा विषेक पुत्र धर्मपाल निवासी शिवलोक कॉलोनी कोतवाली रानीपुर के कब्जे से देशी शराब के 39, अंग्रेजी शराब के 30 एवं स्कूटी बरामद हुई है।

## मेयर किरण जैसल ने निगम कार्यशाला का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने नगर निगम की कार्यशाला का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सोमवार को मेयर किरण जैसल ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला में खड़ी गाड़ियों के उचित प्रबंधन के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के बाद संक्रामक रोग फैलने की संभावनाएं बनी रहती है। इसलिए फागिंग एवं स्प्रे व्यवस्था को ठीक किया जाए। वर्कशॉप में खराब खड़े वाहनों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। शहर में दवाइयों का छिड़काव होना है वाहनों की किल्लत नहीं होनी चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। मेयर ने कहा कि कार्यशाला में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कर्मचारियों से समस्याओं की भी जानकारी ली।

## डा. राजेंद्र बने हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश संरक्षक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अंथवाल को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ का प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया गया है। सोमवार को हिंदू सुरक्षा संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रदेश अध्यक्ष मोनू सनातनी के नेतृत्व में डामकोठी में डा. राजेंद्र अंथवाल से भेंटकर फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और संगठन की और से दायित्व सौंपा। साथ ही उन्हें संगठन का संकल्प पत्र एवं उद्देश्य पत्र भी भेंट किया।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोनू सनातनी, विक्रांत शर्मा, विजेंद्र सिंह, गौरव शर्मा, देवेंद्र जौहरी, विकास चौहान, सौरभ शर्मा, रोहित गुप्ता, कपिल, अजय, जितिन माथुर, अश्वनि शर्मा, निखिल् शर्मा, प्रशान्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील अरोड़ा ने केंद्र और प्रदेश सरकार से ऑनलाईन व्यापार पर रोक लगाने की मांग की है। सुनील अरोड़ा ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते दबदबे के चलते मध्यम वर्गीय व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। नुकसान झेल रहे व्यापारियों के भले के लिए सरकार को ऑनलाइन व्यापार पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। सुनील अरोड़ा ने कहा कि त्यौहारी सीजन के आते ही बड़ी कपनियों द्वारा ऑनलाइन खरीदारी पर डिस्काउंट देने से स्थानीय व्यापारी सीजन में खाली बैठे रहते हैं। कीमतों में असमानता रहती है। प्रतिस्पर्धा में ऑफलाइन व्यापारी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम हो रही है। सुनील अरोड़ा ने कहा कि सरकार को गंभीरता से ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगानी चाहिए। मुख्य बाजारों में बैठे व्यापारी भी व्यापार नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि ऑनलाइन खरीदारी में उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। उत्पाद की क्वालिटी के नाम पर धोखाधड़ी भी लगातार हो रही है। सुनील अरोड़ा ने कहा कि लगातार नुकसान झेल रहे व्यापारियों को नुकसान से उबारने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सरकार को ऑनलाइन व्यापार पर कड़ाई से रोक लगान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

# फेरुपुर में कांग्रेस पार्टी के संगठन सर्जन अभियान कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव फेरुपुर फार्म हॉउस में कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान कार्येक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे पर्वेक्षक राजपाल सिंह बिष्ट ने सभा को संबोधित करते हुए पार्टी की मजबूती पर जोर दिया और एक जुट होकर चुनाव में अपनी ताकत दिखाने के लिये कार्यकर्ताओ में जोश भरा। इस दौरान विधायक अनुपमा रावत ने भी जिलाध्यक्ष के लिये चुनाव में निष्पक्ष वोटिंग करने की बात कही।

मंगलवार को हरिद्वार ग्रमीण विधानसभा के ग्राम फेरुपुर में संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला अध्य्क्ष के लिये वोटिंग भी की गई। इस दौरान कार्यक्रम में पहुचे पर्वेक्षक राजपाल



सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कहा कि कार्यक्रता पार्टी की मजबूती के लिये कार्य करे। कहा की हमे गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र की तर्ज पर उत्तराखंड में भी जिलाध्यक्ष को चुनना है और उसके लिये वोटिंग कर अपने विचार देने है। इस दौरान विधायक अनुपमा रावत ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आगे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है जिसके लिये सभी कार्यकर्ताओ को घर घर बूथ बूथ जाकर लोगों को जोड़ना है और पार्टी को मजबूत करना है। प्रदेश अध्यक्ष सुनीता प्रकाश ने भी अपने विचार रखे और पार्टी को हर सम्भव मजबूत करने के लिये कार्यकर्ताओ को जागरूक किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओ की नजर राजीव चौधरी, एव धर्मेन्द्र चौहान की ओर आकर्षित रही, कार्यक्रम में डॉक्टर नूर अली, मोहब्बत अली, राजबीर चौहान, गुरजीत लहरी, सकील प्रधान, साधुराम चौहान, अरसद ख्वाजा, गालिब हसन, एडवोकेट विनोद, स्याम लाल, रफीक खान, बुच्चा राम कस्यप, महावीर रावत, बीडीसी मुस्तफा अंसारी, राजीव चौधरी, मुसर्रफ अंसारी, रियासत ठेकेदार, यामीन कसाना, जाशीद अली, मास्टर गुल शनववर, जसवंत चौहान, सादाब अली, डारेक्टर मोहब्बत अली, सलीम अहमद, इरशाद विधायक, गब्बर सिंह पंवार, मंजीत प्रधान, अमर सिंह, विनोद कुमार, पूर्व विधायक राम जस, पाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## आरटीओ एप द्वारा युवक के साथ हुई धोखाधड़ी खाते से 74 हजार निकाले, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम पुरषोत्तम नगर निवासी के साथ आरटीओ एप के द्वारा साइबर क्राइम का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अंकुश कश्यप पुत्र वीर सिंह ग्राम पुरुषोत्तम नगर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा बैंक अकाउंट एचडीएफसी बैंक रानीपुर मोड़ में खाता है। तीन सितंबर शाम को मेरे मोबाइल पर आरटीओ चालान की एक ऐप आया जैसे ही मैंने उस ऐप को टच किया उसके बाद मेरे खाते से दस, दस हजार करके 74 हजार रुपये निकले गए पैसे कटने का मैसेज शाम को आया उसके बाद बैंक में कॉल करके बात की तो बैंक कर्मचारियों ने बताया कि आपके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। आप साइबर क्राईम ऑफिस में रिपोर्ट करवा दो उसके बाद आपका खाता ब्लॉक कर दिया जाएगा, पुलिस ने मामले में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया साइबर क्राइम का मामला सामने आया है पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैं हंसराज मिश्रा अपने पुत्र शिशिर मिश्रा व अपनी पुत्रवधु प्रिया मिश्रा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। हंसराज मिश्रा पुत्र स्व. राधे कृष्ण मिश्रा, निवासी न्यू धीरवाली, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार हाल निवासी लोसनापुर फूलपु मोरी, पोस्ट उमरी कोटिला जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश-230201

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# डीएम ने छेनागाड़ पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र अंतर्गत छेनागाड़ इलाके में बीते 28 अगस्त की रात को आई भीषण दैवीय आपदा के बाद से जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। आपदा के कारण कई स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते सड़क मार्ग टूट गए हैं, संचार संपर्क बाधित हुआ है और नौ लोग लापता हुए है।

दैवीय आपदा के बाद प्रशासन की मुस्तैदी और चल रहे कार्यों की जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी प्रतीक जैन स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। उन्होंने छेनागाड़ क्षेत्र में चल रहे राहत व बचाव अभियानों का निरीक्षण किया और मौके पर कार्यरत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व डीडीआरएफ की टीमों का मनोबल बढ़ाया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि भारी बारिश और भू-स्खलन के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं जिससे राहत कार्यों में कठिनाई हो रही है। इसके बावजूद सभी एजेंसियां पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लापता लोगों की खोज और प्रभावितों की सहायता में जुटी हुई हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि छेनागाड़ को जोड़ने वाले मार्ग को शीघ्र अति शीघ्र बहाल किया जाए। उन्होंने बताया कि दो स्थान ऐसे हैं, जहां कार्य में अत्यधिक बाधाएं आ रही हैं, लेकिन फिर भी प्रशासन का लक्ष्य है कि आगामी दो से तीन दिनों में मार्ग को चालू कर दिया जाए। ताकि भारी मशीनें राहत स्थल तक पहुंच सकें और खोज कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आंकलन करने के लिए ड्रोन कैमरों की सहायता ली जा रही है। तालजामण से लेकर छेनागाड़ तक की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण कर पुनर्निर्माण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस तकनीकी मदद से न केवल राहत कार्यों में तेजी आ रही है, बल्कि पुन:स्थापना की योजनाएं भी प्रभावी ढंग से बनाई जा रही हैं।साथ ही, प्रभावित लोगों तक जरूरी राहत सामग्री पहुँचाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद भी ली जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि राहत वितरण की रफ्तार को और तेज किया जाएगा ताकि हर परिवार तक समय पर आवश्यक सामान पहुँचाया जा सके। इस कार्य में जिला प्रशासन की कई टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

### मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे हैं राहत कार्यों की मॉनिटरिंग

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने यह भी बताया कि उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री स्वयं इस आपदा राहत अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने जनपद रुद्रप्रयाग में आई इस आपदा के मद्देनजर विशेष पुनर्निर्माण पैकेज के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। यह पैकेज जल्द ही स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और पुनर्वास कार्यों को गति दी जा सके।

## 48 करोड़ की पेयजल योजना की जल्द होगी शुरूआत



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** हरबर्टपुर नगरपालि. का क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है, जिसके चलते करीब 48 करोड़ से अधिक की इस योजना के लिए इसी सप्ताह टेंडर प्रक्रिया पूरी करके जल्द का शुरू कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने बताया कि हरबर्टपुर शहर के लिए दो फेस में इस योजना को पूरा किया गया, जिसमें एक में पेयजल और दूसरे फेस में सीवरेज योजना का काम होगा।

बताया कि अमृत योजना के करीब 48 करोड़ की लागत से बनने वाली पेयजल योजना में नये ओवरहेड टैंकों का निर्माण सहित अन्य काम शामिल होंगे, जिससे शहरवासियों को पेयजल की समस्या से राहत मिल सकेगी।

वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना के लिए भी जल्द टैंडर प्रक्रिया पूरी करके काम को धरातल पर उतारा जाएगा।

## डा. सैनी हुए देवभूमि गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** एस.जी.आर.आर इंटर कॉलेज सहसपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार सैनी को 'देवभूमि गौरव सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रासबिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉक्टर केबीएम सुभारती अस्पताल के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कार्यशाला के अवसर पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विकासनगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सहसपुर के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, न्यासी एम. ई.टी.वी आर. सी.टी के यशवर्धन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना परिवार पुरुषोत्तम भट्ट, अध्यक्ष शासी निकाय डॉ. के के बी एम सुभारती अस्पताल, ब्रिगेडियर डॉ. वी.पी सिंह, महानिदेशक एम.टी वी बी.आर. सी.टी मेजर जनरल डॉ. जी के थपलियाल, प्रमुख विपणन एवं प्रचार विभाग डॉ. के के बी एम ससुभारतीय अस्पताल डॉ. प्रशांत भटनागर आदि उपस्थित थे।

## चकराता में नशे के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की मांग

**ग्रामीणों व व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, चेताया आंदोलन को**



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** क्षेत्र में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार और नशाखोरी को रोकने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि नशे की गिरफ्त में फंसकर कई परिवार बर्बादी की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

व्यापार मंडल की अगुवाई में ग्रामीण व व्यापारी चकराता कोतवाली पहुंचे और उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि नशे के कारोबारियों की जल्द पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्मैक, सुल्फा और नशीली गोलियों की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिससे युवाओं में नशाखोरी लगातार बढ़ रही है।

चकराता बाजार समेत कई स्थानों पर युवक खुलेआम नशा करते हैं, जिनकी सूचना पूर्व में भी पुलिस को दी जा चुकी है।

लोगों ने आरोप लगाया कि अप्रैल माह में भी ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से हालात और बिगड़ गए हैं। चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन ने अबकी बार भी कार्रवाई नहीं की, तो उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान,उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, सचिव रवीश अरोड़ा, सह सचिव अंकित मोहल, नैन सिंह राणा, तीर्थ कुकरेजा, प्रदीप जोशी, राजेंद्र सिंह चौहान, सन्नी आनंद, शूरवीर चौहान, अशोक गोयल, बिट्टू सिंह, मनमोहन चौहान, अनमोल अरोड़ा व जयपाल सिंह सहित कई व्यापारी व ग्रामीण शामिल रहे।

### एक नजर .......

### वाहन स्वामियों को मिलेगी कर में राहत

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में हाल ही में आई दैवीय आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हुए वाहनों के दस्तावेजों को परिवहन कार्यालय में समर्पित किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम मेंएक वाहन स्वामी द्वारा आपदा में क्षतिग्रस्त अपने वाहन के समस्त प्रपत्र कार्यालय में समर्पित किए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कुलवंत सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा में क्षतिग्रस्त हुए और संचालन योग्य न रह गए व्यावसायिक वाहनों के स्वामी अपने वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज शीघ्रता से परिवहन कार्यालय में समर्पित करें। ऐसा करने से उन्हें वाहन कर की देयता से राहत मिल सकेगी। उन्होंने जनपद के सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे स्थिति की गंभीरता को समझते हुए समय रहते आवश्यक कार्रवाई करें, जिससे भविष्य में अनावश्यक आर्थिक भार से बचा जा सके।

### महिला के खोये मोबाइल फोन को लौटाया



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा पर गुजरात सूरत से आई यात्री आशा बेन का पर्स मन्दिर परिसर में कहीं खो गया, जिससे वे काफी परेशान होने लगी। उन्होंने अपनी समस्या ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कार्मिकों को बताई। ड्यूटी पर नियुक्त फायरमैन चन्द्रमोहन ने अपने प्रयासों से खोये हुए यात्री का पर्स ढूंढकर वापस दिया। महिला यात्री ने पुलिस का आभार प्रकट किया।

### लाखामंडल में नवनिर्वाचित प्रधान बीना भट्ट की पहली खुली बैठक



**चकराता।** विकास खंड चकराता के ग्राम पंचायत लाखामंडल में नवनिर्वाचित प्रधान बीना भट्ट की अध्यक्षता में पहली खुली बैठक शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में सभी वार्ड सदस्य, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर ग्राम प्रधान बीना भट्ट ने ग्रामवासियों को भरोसा दिलाया कि अपने कार्यकाल में वह पंचायत को समुचित विकास की दिशा में ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि लाखामंडल धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए मूलभूत व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाएगा।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सड़क और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई। प्रधान ने कहा कि उनका लक्ष्य ग्रामसभा को एक आदर्श गांव के रूप में विकसित करना है और इसके लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक होगा।खुली बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीता शर्मा, बचना शर्मा, संजय भट्ट सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता एवं खादी वस्तुओं की खरीद को लेकर होंगे कार्यक्रम

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा जिला कार्यालय रुद्रप्रयाग में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में जिला प्रभारी एवं दर्जाधारी बलबीर घुनियाल ने कार्यशाला का वृत लेते हुए 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आजादी के बाद से आज तक किमोटा गांव में नहीं पहुंची सड़क

**ग्रामीणों ने कार्यवाही नहीं होने पर लोनिवि में तालाबंदी की दी चेतावनी**



शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** कालसी ब्लाक अंतर्गत किमोटा गाँव मे आजतक सड़क नहीं पहुंच पाई। कई सरकारे आयी गई लेकिन जौनसार के किमोटा गाँव के 13 परिवार आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है। किमोटा गाँव के ग्रामीण सालो से सड़क की मांग करते आ रहे है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क की मांग शासन प्रशासन से की जा चुकी है बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग की और से कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे परेशान होकर किमोटा के ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश है।

मंगलवार को आक्रोशित किमोटा के ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग सहिया के अधिकारियों का घेराव करते हुए कहा कि सितंबर माह के अंत तक सड़क सम्बन्धी कार्यवाही नहीं होने पर अक्टूबर माह में विभाग के कार्यालय पर तालाबंदी की बात कही।

बता दें कि इससे पूर्व भी किमोटा गाँव के ग्रामीणों ने कार्य में धरना प्रदर्शन भी किया था। किमोटा के ग्रामीण विक्रम सिंह, कलम सिंह, दिनेश, सुनील आदि का कहना है कि लंबे समय से ग्रामीण सड़क की मांग करते आ रहे है लेकिन विभाग के कानो में जूँ तक नहीं रेंगती। ग्रामीणों को हर दिन अपनी रोजमर्रा का सामान अपने पीठ पर लादकर 3 किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़कर पहुँचना पड़ता है वहीं स्कूली छात्रों को भी पैदल ही आना जाना पड़ता है। सड़क न होने पर कई बार गाँव से पीड़ित व्यक्ति को भी डंडी कंडी के माध्यम से सहिया पहुँचाया जाता है। कहा कि इन दिनों अपनी नगदी फसलों को भी ग्रामीण पैदल ही पहुंचा रहे है। लोक निर्माण विभाग सहिया के सहायक अभियन्ता मुकेश कुमार व अवर सहायक अभियन्ता मेनपाल सिंह ने ग्रामीणो को पूरा भरोसा दिया कि जल्द ही इस पर कार्यवाही की जाएगी। कहा कि अगले माह तक डीपीआर तैयार कर शाशन को भेजी जाएगी।

इस दौरान सुनिल सिंह, कलम सिंह, दिनेश सिंह, विक्रम सिंह, सूरत सिंह, जगत सिंह राकेश सिंह, प्रमेश आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण बेहद जरूरी, ब्लॉक टीम ने किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** बच्चों का टीकाकरण उनके स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल खसरा, पोलियो और काली खाँसी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है, बल्कि आजीवन विकलांगता और मृत्यु के खतरे को भी कम करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सही समय पर लगाए गए टीके बच्चों को सुरक्षित बनाते हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी संक्रामक रोगों से बचाने में सहायक होते हैं।

इसी क्रम में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अश्विनी कुमार तथा ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने उपेंद्र भदरौली और उपकेंद्र चिल्हाड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से मुलाकात की और छोटे बच्चों के टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान समुदाय के लोगों के साथ स्वास्थ्य संबंधी चर्चा भी की गई। इस मौके पर एएनएम अंकिता, आशा कार्यकर्ता देवीनद्रा, डॉ. उज्जवल और डॉ. पारूल सहित स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम पहुंची वृद्ध माता को पुलिस ने दिया सहारा

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ दर्शनों को पहुंची एक वृद्ध महिला यात्री के अपने परिजनों से बिछड़ने के बाद पुलिस ने सहारा दिया। धाम में अधिक ठंड पड़ने से बीमार महिला का पुलिस ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराया तथा परिजनों से संपर्क कर बुजुर्ग महिला को उनके सुपुर्द किया।केदारनाथ में सांयकालीन आरती के बाद एक नेपाली पिट्ठू वाला केदारनाथ पुलिस के पास आया और उसने बताया कि उसके साथ एक वृद्ध महिला यात्री है।

## आपदा प्रभावित इलाकों का होगा दीर्घकालिक सुरक्षा उपाय: डॉ प्रसन्ना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केंद्र सरकार की ओर से जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए गठित उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालय केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) ने मंगलवार को जनपद के तहसील बसुकेदार क्षेत्र अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम के निरीक्षण का उद्देश्य आपदा के कारण हुए नुकसान का विस्तृत आंकलन करना और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करना रहा। टीम ने बड़ेथ तक सड़क मार्ग से आपदा प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों, प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से क्षति और पुनर्निर्माण कार्यों के आंकलन की जानकारी ली।

टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों और स्थानीय प्रभावित लोगों के साथ ग्राम बड़ेथ में बातचीत कर स्थिति की समीक्षा की। स्थानीय लोगों ने टीम के समक्ष अपनी समस्याएं रखी तथा उनके निराकरण किए जाने का अनुरोध किया। आपदा प्रभावित लोगों ने उनके मकानों, फसलों और व्यवसायों सहित विभिन्न परिसंपत्तियों को हुए नुकसान की जानकारी दी तथा टीम से क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण, पुनर्वास, भूगर्भीय सर्वेक्षण कराने, रोजगार, पुर्नस्थापन और परिस्थिति क्षतिपूर्ति (मुआवजा) स्वास्थ्य सुविधाएं आदि जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। स्थानीय ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ तथा अन्य एजेंसियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। साथ ही, उन्होंने विभागीय अधिकारियों से पुनर्वास कार्यों, प्रभावित परिवारों को दी जा रही सहायता, राशन व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, अस्थायी आश्रयों की व्यवस्था तथा सड़क मार्गों को शीघ्र खोलने के प्रयासों की सराहना की।

टीम ने स्थलीय निरीक्षण के साथ हवाई सर्वे कर आपदा से प्रभावित क्षेत्रों छेनागाड़, तालजमण, बगड़तोक, जौला, डुंगर भटवाड़ी, स्यूर आदि की स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया, निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा बुनियादी ढांचे की क्षति, सड़कों, पुलों, सार्वजनिक भवनों, बिजली एवं जल आपूर्ति लाइनों को हुए नुकसान के आंकलन के साथ साथ कृषि, फसलों, पशुधन और स्थानीय आजीविका के अन्य साधनों को हुए नुकसान का जायजा लिया। टीम ने निरीक्षण के दौरान आपदा के समय की गई भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहायता और अस्थायी आश्रयों की उपलब्धता जैसे राहत बचाव कार्यों की जानकारी भी ली। अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रहे संयुक्त सचिव भारत सरकार डॉ आर प्रसन्ना ने कहा कि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य आपदा से हुई वास्तविक क्षति का आंकलन करना है, ताकि भारत सरकार को प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवश्यक सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों की योजना शीघ्र बनाई जा सके।

## समस्याओं का निदान करने को लेकर अधिकारियों की टीमें गठित

**अलग-अलग तीन सदस्यीय दल करेंगे विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण, निरीक्षण की आख्या उपलब्ध कराने के दिए गए निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने के साथ ही सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम के लिए जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में माह-सितंबर का रोस्टर जारी किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि माह-सितंबर हेतु जारी रोस्टर के अनुसार जनपद में तैनात नवनियुक्त उप वन संरक्षक रजत सुमन, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. दीपा तिलारा विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत मदोला का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप निदेशक खान वीरेंद्र कुमार एवं पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ग्राम पंचायत भैंसगांव, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार व तहसीलदार जखोली बीएल शाह विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत डोभा जाखाल का स्थलीय निरीक्षण कर सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि अन्य अधिकारियों में उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता आरपी नैथानी, तहसीलदार प्रदीप नेगी विकासखंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत कविल्ठा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग याक्षी अरोड़ा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली व जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ग्राम पंचायत सिनघाटा, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, परियोजना अधिकारी उरेड़ा राहुल पंत व युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

## चौरास क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में रोष

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के चौरास क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि विगत चार दिनों से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सांक्रो डॉ. प्रताप सिंह भंडारी ने कहा कि विगत चार दिनों से चौरास क्षेत्र के सांक्रों, संगम विहार, विद्या विहार, डुंगरी, थपली सहित आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। जिसके कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## लैंसडाउन पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री जोशी, अपनी कर्मभूमि को किया नमन



**लैंसडाउन की पावन धरा की मिट्टी माथे पर लगाई और मातृभूमि और कर्मभूमि के प्रति आभार जताया**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/लैंसडाउन।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी मंगलवार को लैंसडाउन पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी कर्मभूमि को नमन करते हुए लैंसडाउन की पावन धरा की मिट्टी माथे पर लगाई और मातृभूमि और कर्मभूमि के प्रति आभार प्रकट किया।

गौरतलब है कि 13 नवम्बर 1976 को गणेश जोशी ने एक राइफलमैन के रूप में यहीं से भारतीय सेना में भर्ती होकर देशसेवा का संकल्प लिया था। वर्षों बाद पुन: अपनी उसी भूमि पर पहुंचकर उन्होंने भावुक होकर कहा कि यह स्थान उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा है। लैंसडाउन पहुंचने पर गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, पौड़ी के मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत सहित सैन्य अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया।

# पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठे विपिन

## विधायक और पुलिस निशाने पर, मुखानी थाने में दर्ज हुए मुकदमे को बताया फर्जी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाने में दर्ज एक मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे लगातार विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को यह मामला उस समय और तूल पकड़ गया जब विपिन पांडे अपने परिवार व समर्थकों के साथ पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंचे और वहीं धरने पर बैठ गए, और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जहां उन्होंने फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग की तो वहीं अपने क्षेत्र के विधायक की कार्यशैली पर भी कई सवाल उठाए। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व टीकम सिंह बिष्ट ने भाजपा नेता विपिन पांडे पर आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी थी। तहरीर में टीकम सिंह ने कहा विपिन ने अपनी स्कॉर्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पीछे बैठे व्यक्ति का पैर टूट गया। टीकम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने विपिन पांडे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। भाजपा नेता विपिन पांडे पर हुए मुकदमें के बाद उनके समर्थक बीते दिनों मुखानी थाने पहुंचे और विपिन पर लगाए गए झूठे मुकदमें को वापस लेने की मांग की। मुकदमें वासप ना होने पर मंगलवार को विपिन पांडे अपने





परिवार व समर्थकों के साथ पुलिस बहुद्देशीय भवन पहुंच गए और धरने में बैठ गए। धरने के दौरान विपिन ने कहा कि पुलिस ने बिना जांच किए सीधे मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि सीसीटीवी फुटेज से साफ है कि उनके वाहन से बाइक को कोई टक्कर नहीं लगी। उन्होंने पुलिस की इस कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां अन्य मामलों में पुलिस शिकायत पत्र (तहरीर) को महीनों जेब में रखे रहती है, और मुकदमा दर्ज नहीं करती है, वहां उनके मामले में तत्काल कार्रवाई की गई। धरने की सूचना मिलते ही सीओ नितिन लोहनी मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। विपिन पांडे ने चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला, तो वे दोबारा धरने पर बैठेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुखानी क्षेत्र में अवैध धंधों का विरोध करने के चलते उन्हें निशाना बनाया जा रहा है और पुलिस की कार्रवाई उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा वह क्षेत्र की जनता के लिए आवाज उठाते आए है और क्षेत्र की जनता के लिए आवाज उठाते रहेगे। इसके साथ ही विपिन पांडे ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में मुखानी थाना क्षेत्र में एक सीओ की गाड़ी ने दो लोगों को टक्कर मारी और पुलिस ने समझौता करा दिया। जबकि उन्होंने मामले में तहरीर भी दी थी। एक व्यक्ति को 11 फैक्चर हुए, लेकिन मुकदमा आज तक नहीं हुआ। एक केस में 9 महीने बाद मुकदमा हुआ। अब पुलिस मुझे टारगेट कर रही है। पुलिस किसी भी आम आदमी को गुंडा बना में तुली है। वहीं विपिन पांडे ने क्षेत्रीय विधायक पर भी कई सवाल करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले वार्ड 55 के पार्षद अमित बिष्ट को मारपीट के मामले में पुलिस ने कोतवाली में बैठा लिया था। इसके खिलाफ विधायक बंशीधर भगत कोतवाली के बाहर धरने पर बैठ गए थे। एक सवाल के जवाब में विपिन ने कहा, विधायक के लिए व्यक्ति महत्वपूर्ण है न कि पार्टी। अगर विपिन पांडे उनका आदमी होता तो वह भी यहां मेरे साथ होते।

### विपिन पांडे के समर्थन में आए युवक को धमकी

**हल्द्वानी।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे से जुड़े मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। अब इस केस में बयान देने वाले युवक को जान से मारने की धमकी देने का आरोप सामने आया है। मुखानी पुलिस ने टीकम सिंह बिष्ट के बेटे विक्रम सिंह उर्फ विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पानपुर कठघरिया निवासी पवन रल्हन पुत्र बसंत कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीते 7 सितंबर को वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा था, तभी विक्की वहां पहुंचा और धमकी देते हुए बोला तू कितने में बिका? अगर नीचे दिखा तो तुझे मार देंगे। पवन का कहना है कि उन्होंने विपिन पांडे के मामले में सच का साथ दिया था, इसी वजह से उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने पुष्टि करते हुए बताया कि पवन की तहरीर पर विक्रम सिंह उर्फ विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# वाइन शॉप के पास होटल में परोसी जा रही थी शराब

**हल्द्वानी।** वाइन शॉप के आसपास चल रहे होटलों और रेस्टोरेंट्स में अवैध रूप से शराब परोसे जाने का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद यह अवैध कारोबार जारी है। ताजा मामला टीपीनगर क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने गुप्ता होटल में छापा मारकर बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बीते सोमवार को वह अपनी टीम के साथ सतवाल पेट्रोल पंप के आसपास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीम ट्रांसपोर्ट नगर में शर्मा ट्रांसपोर्ट के पास स्थित गुप्ता रेस्टोरेंट पर पहुंची। पुलिस को देखते ही रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग मौके से भागने लगे और एक युवक टेबल पर रखे गिलास और शराब के पाउचों को कूड़ेदान में छुपाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने मौके से ननौली खटोला दन्या (अल्मोड़ा) निवासी सुरेश चंद्र जोशी पुत्र पूर्वादत्त चंद्र जोशी को गिरफ्तार कर लिया। रेस्टोरेंट की तलाशी में शराब से भरे पाउच, खाली और भरी बोतलें बरामद की गईं। इसके अलावा फ्रीज़ के पीछे से 4 माल्टा और 4 किन्नू पाउच भी मिले।

# राधाकृष्णन के अनुभवों का लाभ देश और उच्च सदन दोनों को मिलेगा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने एनडीए उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत पर खुशी जताते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से उन्हें बधाई दी है। साथ ही उम्मीद जताई कि बतौर सांसद एवं राज्यपाल उनके अनुभवों, विचारों और नीतियों का लाभ देश और उच्च सदन दोनों को प्राप्त होगा।

अपने बधाई संदेश में उन्होंने श्री राधाकृष्णन की जीत को पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के चौमुखी विकास, एनडीए की जनकल्याणकारी सरकार और पार्टी के राष्ट्रवादी विचारों पर दोनों सदनों की मुहर बताया है। वहीं कहा, अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में श्री सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे विभिन्न पदों पर रहे और हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया। है। एक सांसद, राजनेता, समाजसेवक और राज्यपाल की भूमिकाओं में



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद ने उपराष्ट्रपति पद पर जीत के लिए दी बधाई**

आपने अपने संवैधानिक और सामाजिक कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका विशाल अनुभव और ज्ञान उच्च सदन की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा और नई उपलब्धियां हासिल करेगा। हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि देश को जमीन स्तर पर व्यापक कार्य करने वाला उपराष्ट्रपति मिला है।

# टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बने प्रशांत नेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम में महासंघ टैक्सी यूनियन की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रशांत नेगी काठगोदाम टैक्सी यूनियन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बता दें कि काठगोदाम टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष किशन पांडे ने अपने निजी स्वार्थ के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद काठगोदाम टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पद को लेकर मंगलवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन के समीप एक रेस्टोरेंट महासंघ टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भरत भूषण व मुख्य संरक्षक महेश पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से सभी लोगों ने प्रशांत नेगी को काठगोदाम टैक्सी यूनियन का अध्यक्ष मनोनीत किया।



प्रशांत नेगी के काठगोदाम टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मनोनीत होने पर टैक्सी चालकों व पदाधिकारियों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष प्रशांत नेगी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई उस पर खरा उतराने का प्रयास करेंगे साथ ही टैक्सी चालकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए वह हर समय खड़े हैं। प्रशांत नेगी के अध्यक्ष मनोनीत होने पर महासंघ टैक्सी यूनियन के भरत भूषण, मुख्य संरक्षक महेश पाण्डेय, मनोज भट्ट, मोहज्जम हुसैन, संतोष कोहली, सुशील गुप्ता, मनोज आर्या, अजमत अली, अमित मलोहत्रा, अमजद खान, मंनदीप वर्मा सहित टैक्सी मालिक व चालक ने बधाई दी।

# शॉर्ट सर्किट: मजदूर के घर लगी आग

## लाखों का सारा सामान जलकर हुआ स्वाह, विधायक ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में एक बंद घर में अचानक आग लग गई। घर से धुआं उठता देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। जिसके बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लेकिन तब तक घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर स्वाह हो गया था। जानकारी के अनुसार इंदिरानगर बड़ी सड़क वार्ड संख्या-33 में शमीम अहमद अपने परिवार के साथ रहता है और पेशे से मजदूरी का



काम करता है। रोजना की तहर शमीम आज मंगलवार को भी घर में ताला लगाकर मेहनत मजदूरी के लिए चला गया। दोपहर करीब एक बजे के आस-पास शमीम के घर से धुआं उठता देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पर आस-पास के लोग एकत्र हुए और घर का ताला तोड़कर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी सूचना पर पहुंचे दमकल कमियों ने मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा लाखों का सारा सामान जलकर स्वाह हो गया। माना जा रहा कि शॉर्ट सर्किट के चलते यह अग्निकांड हुआ है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं शहर विधायक सुमित ने भी पीड़ित भवन स्वामी शमीम से फोन पर वार्ता कर हरसंभव मदद का भरोसा जातया, तो वहीं पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने भी सरकार व प्रशासन से इस गरीब परिवार को आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की है, ताकि वह अपना जीवन यापन सुचारू रूप से चला सकें।

# पोषण जागरूकता पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र देवलचौड़ में पोषण जागरूकता तथा प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा की निदेशक प्रो. मंजरी अग्रवाल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं बच्चों तथा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान प्रो. अग्रवाल ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया और बताया कि संतुलित आहार और



स्वच्छ परिवेश बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। इसके साथ ही गृह विज्ञान के शिक्षकों के द्वारा महिलाओं को टीकाकरण, व्यक्तिगत स्वच्छता, एनीमिया, पौष्टिक आहार, स्तनपान, संतुलित आहार, पोषक तत्वों आदि के बारे में बताया गया। साथ ही महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संतुलित आहार, नवजात शिशु में पीलिया, धात्री महिला का भोजन, बालिका के लिए उत्तम पोषण, विटामिन-ए, शिशु और छोटे बच्चों का आहार, पोषक युक्त आहार, डेंगू, मलेरिया, टीकाकरण, टीबी, व्यक्तिगत स्वच्छता, एनीमिया, माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं साफ-सफाई, गर्भावस्था के दौरान देखरेख, नवजात तथा जन्म के समय कम वजन वाले शिशुओं की देखरेख विषयों पर पेम्फ्लेट भी वितरित किये गए। कार्यक्रम में डा. दीपिका वर्मा, डा. प्रीति बोरा, मोनिका द्विवेदी, डा. ज्योति जोशी, आंगनवाड़ी केंद्र की प्रभारी गीता देवी, सहायिका आशा नेगी मौजूद रही।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 689 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांक 09.09.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (पी०एण्ड सी०), गंगा भवन, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है
निविदा सं0.: 02/अ0अ0(पी०एण्ड सी०)/2025-26
कार्य का नाम : यूजेवीएन लिमिटेड के देहरादून स्थित विभिन्न कार्यालयों हेतु स्टेशनरी की आपूर्ति।
अनुमानित लागत: 33,27,610.00 (कर अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि एवं समय: 10.09.2025 को 16:00 बजे से
वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 01.10.2025 को 17:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट http://uktenders.gov.in देखें।
अधिशासी अभियन्ता (पी०एण्ड सी०)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 686 — **तिथि विस्तार सूचना-1** — दिनांक 09.09.2025

अपरिहार्य कारणों से इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-निविदा संख्या 08/अधि0अभि0 (जानपद)/म0भा0-I/मनेरी/2025-26 की वेबसाईट पर निविदा को जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है :-
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :- 11-09-2025 को 17:00 बजे तक।
निविदा की हार्ड कापी जमा करने की अन्तिम तिथि एव समय :- 12-09-2025 को 11:00 बजे तक।
वैबसाईट पर निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 12-09-2025 को 15:00 बजे।
निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते यथावत रहेगीं।
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद) म0भा0-I, मनेरी
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा**
पत्रांक: SSJU/2025-26/स्था0/1069
दिनांक: 09.09.2025
**वैबसाइट संचालन हेतु निविदा**
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा एवं इसके 04 परिसरों की वेबसाइट निर्माण एवं संचालन हेतु दिनांक: 24.09.2025 तक दी गयी शर्तों के अधीन मुहरबंद निविदा कुलसचिव कार्यालय सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 3000 (रु0 तीन हजार मात्र) जी0एस0टी0 सहित होगा, जो डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में वित्त अधिकारी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के नाम से देय होगा। निविदा शर्तें एवं प्रपत्र को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ssju.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
कुलसचिव

# बनभूलपुरा में सत्यापन अभियान, 1.76 लाख का जुर्माना



**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बार फिर सघन सत्यापन अभियान चलाया। मंगलवार को चार अलग-अलग टीमों में बंटकर पुलिस ने क्षेत्र को घेरते हुए घर-घर जाकर किरायेदारों और निवासियों की जांच की। अभियान के दौरान 1,050 से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया, जबकि 1,400 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया, जिसमें कोतवाल राजेश कुमार यादव, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा और मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी शामिल रहे। उनके साथ पुलिस कार्यालय, पीएसी और आईआरबी के जवानों की टीमें भी मौजूद थीं। सत्यापन के दौरान सबसे बड़ी अनियमितता किरायेदारों का विवरण न देना सामने आई। इस आधार पर 17 मकान मालिकों के खिलाफ धारा 83 पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 1,70,000 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा 24 अन्य लोगों पर धारा 81 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 6,000 जुर्माना लगाया गया।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, (दक्षिण) 18- ई.सी.रोड, देहरादून

**विद्युत बाधित सूचना**

कृपया उपरोक्त विषयक आपके संज्ञान में लाना है कि इस खण्ड के अन्तर्गत आने वाले उपखण्ड-टर्नर रोड, के क्षेत्राधीन 33/11 के.वी. उपसंस्थान ट्रांसपोर्टनगर से निकलने वाले 11 के.वी. वाईल्ड लाईफ फीडर के ए.सी.एस.आर. कन्डक्टर को AAAC Covered Conductor में बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण उक्त उपसंस्थान से निकलने वाले निम्नलिखित फीडरों से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति अंकित तिथि में पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| दिनांक | समय | 33/11 के.वी. उपसंस्थान का नाम | 11 के.वी. फीडर का नाम | बाधित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 10.09.2025 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | ट्रांसपोर्ट नगर | वाईल्ड लाईफ | चोयला, तूतोवाला रोड, बर्थवाल चौक, पटिटगोंवाला, ग्रीन एवन्यू, भूतोवाला, गूनियाल बैंक रोड, शिवालिक एन्कलेव इत्यादि। |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें।
पत्रांक: 520/EE(CM)/UPCL/A-2 दिनांक: 09.09.2025 अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार सवार हमलावरों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की रात कालाढूंगी रोड स्थित जेल रोड चौराहे के पास दो युवकों के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात कार सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पांडे गार्डन, मंगलपड़ाव निवासी पंकज रावत और मंगलपड़ाव निवासी हेमंत शर्मा ने बताया कि घटना की रात वे दोनों कमल स्वीट्स के सामने खड़े थे। तभी करीब 15-20 अज्ञात लोग कारों से उतरकर आए और अचानक उन पर हमला कर दिया। पीड़ितों के अनुसार, मारपीट के दौरान उनके पास से दो तोले की सोने की चेन, हाथ की अंगूठी और एक आइफोन गायब हो गया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांक:- 6368/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ — दिनांक- 09.09.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाड़ा के अन्तर्गत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाड़ा | 11 के0वी0 पीठ बाजार | 11.09.2025/ बृहस्पतिवार<br>15.09.2025/सोमवार। | 09:00 बजे से 14:00 बजे तक। | पीठ बाजार तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओ से सहयोग की अपील की जाती है।
अधिशासी अभियन्ता
'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'
Toll free No- 1800-419-0405
"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

"भारत रत्न"
पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त



(10 सितम्बर 1887 - 7 मार्च 1961)
महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक की जयंती पर
उत्तराखण्ड वासियों की ओर से शत-शत नमन
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# कार्यालय नगर निगम रूड़की, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक :717/सूचना/नाम परि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26 दिनांक :–09/09/2025

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक/ क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो मे दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 1120, सिविल लाईन का जुज भाग | श्री दलजीत सिंह पुत्र श्री जगत सिंह | श्री जगत सिंह पुत्र श्री मिलखीराम | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 02 | 288, पूर्वीदीनदयाल | श्री सुरेन्द्र कुमार गोयल पुत्र स्व0 हरप्रसाद | श्री सुखपाल चन्द जैन पुत्र श्री बानुमल जैन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 03 | 640, पूर्वावल्ली का जुज भाग | श्रीमती मोनिका चौधरी पत्नि श्री सतीष चौधरी | श्रीमती मोनिका मसीह पत्नि श्री बैनसन मसीह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 04 | 366/1, मलकपुर | कु0 कीर्ति कौशिक पुत्र श्री अजय कौशिक | श्री विकास गुप्ता पुत्र श्री राजेश्वर प्रसाद गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 05 | 532 आवास विकास | श्री मोहित सिंह पुत्र श्री रमेश सिंह व श्रीमती प्रेमलता पत्नि श्री रमेश चौहान | श्रीमती दीपा मित्तल पत्नि श्री प्रमोद मित्तल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, मुख्तायार–आम |
| 06 | 71/1, नेहरूनगर | श्री निदोंश कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द | श्री नक्षप पाल पुत्र श्री करम सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 07 | 20 माहीग्रान का भाग | श्री इरफान पुत्र श्री नूर अहमद | श्री गुलफाम पुत्र श्री नूर अहमद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 08 | 03, मौ0 सत्ती | श्री देवेन्द्र कालरा, श्री नरेन्द्र कालरा व श्री पवन कालरा पुत्रगण स्व0 लक्ष्मीचन्द कालरा | श्री लक्ष्मीचन्द कालरा पुत्र बस्तीराम कालरा | मृत्यु प्रमाण–पत्र, दान–पत्र पारि0 सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 09 | 729/7, मौ0 सत्ती | श्रीमती फरजाना पत्नि मौ0 अदनान | श्रीमती आयशा पत्नि जहीरूददीन बाबर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 10 | 520, माहीग्रान | श्री गुलफाम पुत्र श्री नूर अहमद | श्री अमजद पुत्र श्री नूर अहमद | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 11 | 71(1) का जुज भाग मौ0 सोत | मौ0 फिरोज पुत्र श्री अब्दुल | श्री शाहिद अली, श्री राशिद अली पुत्रगण श्री अब्दुल वहीद | शपथ–पत्र, पारिवारिक सह स्वामी अन्तरण विलेख–पत्र |
| 12 | 71(1) का जुज भाग मौ0 सोत | मौ0 षाहिद व श्री राशिद अली पुत्रगण श्री अब्दुल वहिद | मौ0 फिरोज पुत्र श्री अब्दुल वाहिद उर्फ अ0 वहीद | शपथ–पत्र, पारिवारिक सह स्वामी अन्तरण विलेख–पत्र |
| 13 | 244, नेहरूनगर का जुज भाग | श्री शफकत अली एडवोकेट पुत्र तुफैल अहमद | श्री शहजाद अली पुत्र श्री तुफैल अहमद | शपथ–पत्र, पारिवारिक सह स्वामी अन्तरण विलेख–पत्र |
| 14 | 771, पुरानी तहसील | श्री बिलाल अहमद व श्री इजहार अहमद श्री निसार अहमद | श्री स्वतन्त्र कुमार पुत्र श्री कश्मीरी लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र दान–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 15 | 708 का जुज भाग, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमती आशा उर्फ बबली पत्नि श्री विनय कुमार | श्री गौरव खन्ना पुत्र श्री जगबहादुर खन्ना, श्री दमन कुमार सरीन पुत्र श्री सुभाष सरीन व श्री प्रदीप सोनी पुत्र री नरेन्द्र कुमार सोनी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 16 | 75, मौ0 सत्ती का जुज भाग | श्री सुहेल अख्तर पुत्र स्व0 श्री इस्तकार अली | श्रीमती शरीफन पत्नि स्व0 सददीक व मुसम्मात शरीफ पुत्र सददीक व इफ्तखार अली पुत्र मौ0 सददीक, मुसम्मत बानो पुत्री मौ0 सददीक, मौ0 राषिद व मुसम्मात शहराज बानो पुत्री मौ0 सदीक | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, परिवारिक सत्यापन प्रमाण पत्र, दान–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 17 | 640, सिविल लाईन | श्री नरेन्द्र कुमार पाहुजा पुत्र स्व0 हरबंश लाल श्रीमती सन्तोश पाहुजा पत्नि नरेन्द्र कुमार पाहुजा | श्री संजय गोयल पुत्र स्व0 श्री बलवन्त राय गोयल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 18 | 35, सिविल लाईन | श्री विनित कुमार पुत्र स्व0 श्री सुधीर सिंह | श्री पतरस भुल्लन सिंह | मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 19 | 90, राजपूताना पश्चि0 | श्री विवेक पुत्र श्री अनिल कुमार वर्मा | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नि श्री परसराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 20 | 89, राजपूताना पश्चिमी | श्रीमती सुनीता वर्मा पत्नि श्री अनिल कुमार | श्री शिव कुमार अग्रवाल, श्री अमरीश कुमार व अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 परसराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 21 | 708, का जुज भाग मौ0 पूर्वावल्ली | श्री शोभित अग्रवाल पुत्र श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल | श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री रमेष चन्द अग्रवाल | शपथ–पत्र दान–पत्र |
| 22 | 08 नया नं0–10 मौ0 कानूगोयान | श्री विजय कुमार भण्डारी पुत्र श्री एस0एल0 भण्डीर | श्री विजय कुमार सेठी पुत्र श्रीनाथ लला सेठी, श्रीमती सुशील सेठी पत्नि श्रीनाथ लाल सेठी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 23 | 822, आदर्शनगर | श्री विवेक पुत्र श्री अनिल कुमार वर्मा | श्रीमती रेखा पत्नि स्व0 श्री राकेश कुमार व कु0 प्राची पुत्री स्व0 श्री राकेश कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 24 | 407, नेहरूनगर | श्रीमती पूनम पुत्री श्री सुदेश पाल सिंह व श्रीमती प्रियंका चौधरी पुत्र श्री अंकित पंवार | श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नि श्री राजकुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 25 | 252, कानूगोयान का जुज भाग | श्रीमती पूनम पत्नि श्री संजय वर्मा | मौहम्मद सलीम पुत्र मौहम्मद युनुस | मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक स0 प्रमाण– पत्र, विक्रय–पत्र |
| 26 | 1331,अ0ता0 पश्चिमी | श्री अमित कुमर सैनी पुत्र स्व0 नाथीराम सैनी | श्रीमती मूर्ति देवी पत्नि श्री नाथीराम सैनी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 27 | 67, रामनगर | डा0 अंकुर सिंह पुत्र श्री ऋशिपाल सिंह व डा0 सौम्या पाण्डेय पत्नि डा0 अंकुर सिंह | श्री गुरुदयाल तनेजा पुत्र श्री बी0डी0 तनेजा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 28 | 1102, रामनगर का जुज भाग | श्री कपिल दुआ पुत्र श्री देवीदास दुआ व श्री तुषार दुआ पुत्र श्री गोपाल कृष्णा दुआ | श्रीमती सरोज पत्नि श्री देवीदास | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, दान–पत्र |
| 29 | 76/(112) मौ0 सिविल लाईन | एल0टी0डी0ए0 ब्रॉच रूड़की के ऑफ अ0 श्रीमती वीना विक्टोरिया पत्नि स्व0 विलसन डायसल | एल0टी0डी0ए0 ब्रॉच रूड़की केयर ऑफ अध्यासी विलसन विलियम पुत्र श्री विलियम डाईसफ | शपथ–पत्र,मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक स0 प्रमाण–पत्र |
| 30 | 540, रामनगर | श्रीमती पूजा चड्ढा पत्नि श्री इन्द्र चड्ढा | श्रीमती बाला उर्फ राजबाला पत्नि श्री देवेन्द्र | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 31 | 1609, 1609(1), सिविल लाईन | श्री अंकुर मिनोचा पुत्र स्व0 यषपाल मिनोचा | श्री यशपाल मिनोचा पुत्र स्व0 कुन्दन लाल मिनोच | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 32 | 471, पूर्वावल्ली | श्री अमरदीप सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द सिंह | श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री करतार सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, परिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 33 | 161, गणेशपुर | श्री मोहित कुमार, श्री मुकुल कुमार प्रजापति, श्री लवीश कुमार प्रजापति पुत्रगण स्व0 श्री राकेश कुमार | श्री लोकेश कुमार पुत्र री नकली सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, परिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 34 | 698/2, मौ0 सत्ती | श्री आरिफ हुसैन पुत्र आशिक हुसैन, श्री उमैर पुत्र श्री आरिफ, रिमशा आरिफ पुत्री श्री आरिफ, मौ0 रहीम पुत्र श्री आरिफ | श्रीमती साजदा बेगम पत्नि श्री मौ0 आरिफ | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक स0 प्रमाण–पत्र |
| 35 | 31, अ0ता0पूर्वी | श्री शमीम अहमद पुत्र स्व0 श्री फैय्याज | श्रीमती जबूनी पत्नि श्री फैय्याज | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 36 | 194, मौ0 मलकपुर | श्रीमती शन्ति धस्माना पत्नि स्व0 श्री रामचन्द्र धस्माना | श्री रामचन्द्र धस्माना पुत्र बंसत लाल धस्माना | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 37 | 675, मौ0 सत्ती | मौहम्मद मुनीर आलम पुत्र मौहम्मद तय्यब | श्रीमती मेहरूनिशा पत्नि मौ0 सद्दीक | दान–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 38 | 251, मौ0 सत्ती | श्रीमती अरसला शम्सी पत्नि श्री उमेर शम्सी | श्री यासीन पुत्र श्री रमजानी व शमशुददीन पुत्र यामीन | शपथ–पत्र, अन्तरण विलेख–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 39 | 632, सिविल लाईन का जुज भाग | श्रीमती उषा शर्मा पत्नि श्री उपेन्द्र शर्मा | श्रीमती चारूल अग्रवाल पत्नि श्री दीपक गुप्ता व श्रीमती जूही गोयल पत्नि डा0 शरद गोयल श्रीमती श्रुति कुच्छल पत्नि श्री सौरभ कुच्छल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 40 | 489(4), अ0ता0पूर्वी | श्री रविश कुमार पुत्र श्री कलीराम | श्री कमल कुमार पुत्र श्री प्रकाश चन्द व श्रीमती स्वीटी गोयल पत्नि श्री कमल कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 41 | 139, मौ0 सत्ती | श्री गौरव सेठी पुत्र स्व0 श्री पूरणचन्द सेठी | श्री पूरण चन्द सेठी पुत्र श्री गिरधारी लाल सेठी | शपथ–पत्र,मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक स0 प्रमाण–पत्र |
| 42 | 1348/1, रामनगर | मौ0 रहीश पुत्र मौ0 शहीद | श्रीमती कविता पत्नि श्री नवीन दीक्षित | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 43 | 1035, सिविल लाईन | श्रीमती कृष्णा भटेजा पत्नि श्री प्रदीप भटेजा | श्रीमती नीरू बसंल पत्नि श्री सुधीर बंसल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 44 | 926/3, आदर्शनगर | श्रीमती दीपाली जैन पत्नि श्री नीरज जैन | श्री महेश चन्द जैन पुत्र श्री महाराज प्रसाद जैन | शपथ–पत्र, पारिवारिक सह स्वामी अन्तरण विलेख–पत्र |
| 45 | 458, गणेशपुर | श्री सन्तोष, श्री ज्योति प्रकाश जोहरी, व श्री रवि प्रकाश पुत्रगण स्व0 श्री सुरेश नन्दन व श्री जगदीश जोहरी पुत्र स्व0 श्री हरनन्दन, श्री प्रकाश जोहरी, श्री कृष्णा जौहरी पुत्रगण स्व0 श्री हरनन्द प्रकाश व कृपानन्द जौहरी पुत्र स्व0 श्री हरनन्दन प्रकाश जौहरी, श्रीमती पूनम जौहरी पत्नि स्व0 अवनेश जौहरी, श्री अंकित जौहरी, श्री आकाश जौहरी पुत्रगण स्व0 श्री अवनेष जौहरी, व दिव्यांशी जौहरी पत्नि श्री आयूश सक्सेना व श्री लक्ष्मी कान्त जौहारी पुत्र श्री हरनन्दन प्रकाश जौहरी | श्री हरनन्दन प्रकाश जौहरी पुत्र श्री घनश्याम जौहरी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 46 | 1676, 1676ए, मौ0 सिविल लाईन | श्रीमती सुनीता सिंघल पत्नि श्री अवधेश कुमार व श्री अवधेश सिंघल पुत्र श्री योगेश्वर प्रसाद | डा0 जय गोपाल गर्ग पुत्र श्री आर0पी0 गर्ग | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 47 | 293, मौ0 सत्ती | श्रीमती आयशा पत्नि मौ0 बिलाल अख्तर व श्री तल्लाह पुत्र मौ0 बिलाल अख्तर | श्री नरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री दयाराम वैध | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 48 | 555/1, पुरानी तहसील | श्रीमती अन्जुम परवीन पत्नि श्री शहजाद अली | श्रीमती अमीना परवीन पत्नि श्री मौहम्मद वसीम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 49 | 720, रामनगर | श्री तपिश कुमार पुत्र स्व0 श्री अषोक कुमार | श्रीमती अनीता रस्तोगी पत्नि श्री अशोक रस्तोगी | मृत्यु प्रमाण–पत्र, दान–पत्र |
| 50 | 489(7), अ0ता0पूर्वी | निकिता बजाज गोस्वामी पत्नियष गोस्वामी | श्रीमती रेखा गिरी पत्नि श्री सुरेन्द्र गिरी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 51 | 644/सी–4, मौ0 रामनगर | श्री तपिश कुमार पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार | श्री अशोक कुमार रस्तोगी पुत्र स्व0 श्री रामनाथ रस्तोगी | मृत्यु प्रमाण–पत्र, दान–पत्र |
| 52 | 707, 707(1), मौ0 चावमण्डी | श्री पुरूषोत्तम पुत्र श्री राजपाल सिंह | श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री राजपाल सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



## एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट की रीढ़ बनाई।

विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़म्मिेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है।

स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज़्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है। मैच के दिन मौसम आमतौर पर खाड़ी जैसा होगा। गर्म, शुष्क और चुनौतीपूर्ण, तापमान 40 ब तक पहुंचने की संभावना है।हालांकि भारत 98 प्रतिशत जीत की संभावना के साथ प्रबल दावेदार है, लेकिन इस मैच का असली महत्व कहीं और है। यह भारत के भविष्य का अनावरण है। कोहली, रोहित और जडेजा के जाने के बाद, ध्यान इस बात पर केंद्रित हो गया है कि क्या नई पीढ़ी, गिल, अभिषेक, तिलक और अन्य उम्मीदों का भार उठा पाएंगे। प्रशंसकों और दर्शकों, दोनों के लिए, संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ यह मुकाबला भले ही अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए याद न किया जाए, लेकिन उस क्षण के लिए याद किया जाएगा जब भारतीय क्रिकेट दिग्गजों के बाद के युग में प्रवेश कर रहा है, और वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने के लिए तैयार है।

# भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका। कोई भी जोड़ी पदक मुकाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालिफिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

## जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुक.ाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है।

विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## एसएसपी ने किया बेढ़पुर से युवक के अपहरण व हत्या का सनसनीखेज खुलासा

# किराएदार टेलर ही निकला युवक का हत्यारा

### दो महीने तक क्राइम पेट्रोल देखकर दर्जी मास्टर ने रची मालिक के बेटे के अपहरण की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/कलियर।** कलियर क्षेत्र को दहला देने वाले अपहरण और हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि मृतक की ही दुकान में किरायेदार दर्जी निकला, जिसने दो महीने तक लगातार क्राइम पेट्रोल देखकर अपहरण की योजना बनाई और फिरौती के लालच में 19 वर्षीय युवक की हत्या कर डाली।



सोमवार को सिविल लाइंस कोतवाली में प्रेसवार्ता कर एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि नसीर निवासी बेडपुर ने अपने पुत्र अनवर (19) की गुमशुदगी की तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि 6 सितंबर को लापता होने के बाद अनवर के मोबाइल से उसके बहनोई के पास फोन आया और बदले में 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगालने



और कॉल डिटेल्स खंगालने के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले। इस बीच परिजनों को फिरौती की दूसरी कॉल आई। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में चौंकाने वाला सच सामने आया। मुख्य आरोपी अमजद पुत्र सफीक निवासी मुकरबपुर, जो कि दर्जी है और मृतक की दुकान में किरायेदार था, ने बताया कि

> ❖पकड़े जाने के डर से आरोपी ने युवक को मारकर शव नहर में फेंक डाला

उसे पैसों की जरूरत थी। दुकान स्वामी की आर्थिक स्थिति देखते हुए उसने उनके बेटे अनवर का अपहरण करने की योजना बनाई। इसके लिए उसने दो महीने तक लगातार क्राइम पेट्रोल के एपिसोड देखकर अपहरण और हत्या की तरकीब सीखी। आरोपी ने अनवर से दोस्ती बढ़ाई और उससे नींद की गोलियां मंगवाई। 6 सितंबर को उसने चाय में वही गोलियां मिलाकर अनवर को पिला दीं। बेहोश होने पर उसने अपने साथी फरमान उर्फ लाल पुत्र यामीन निवासी मुस्तफाबाद (थाना बहादराबाद) के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। फिर शव को बोरी में भरकर बाइक पर ले गए। रास्ते में बाइक पंचर हो जाने पर साथी को बुलाकर ई-रिक्शा का इंतजाम किया और शव को नहर में फेंक दिया। इसके बाद आरोपी उर्स मेले में घूमने भी गए और मृतक के मोबाइल से ही परिजनों को फिरौती की कॉल की। एसएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और शव की तलाश नहर में की जा रही है। इस खुलासे में रुड़की पुलिस, एसओजी और कोतवाली टीम की संयुक्त मेहनत रही। पुलिस टीम में सीओ रूडकी नरेंद्र पंत, थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक बबलू चौहान, उप निरीक्षक उमेश कुमार, पुष्कर सिंह चौहान, रामअवतार, हेड कांस्टेबल सोनू कुमार, जमशेद अली, रविंद्र बालिया संजय सिंह, विक्रम सिंह, आबिद अली, जितेंद्र सिंह और चालक नीरज राणा शामिल रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं की तागिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से आदेशिकाओं की तागिल के लिए छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम संदीप कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी रायसी थाना लक्सर उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कांस्टेबल महेंद्र सिंह राजेंद्र बिष्ट शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने मालिक पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** दूध की डेयरी पर काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने डेयरी स्वामी पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मपुर जट निवासी ललित कुमार जो कि फिलहाल मंगलौर के नजरपुरा में निवास करता है और कस्बे की एक दूध की डेयरी पर नौकरी करता था बताया गया है कि सोमवार की देर शाम भी वह डेयरी पर ही काम कर रहा था इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। मौके पर लोगों की इकट्ठा हो गई और जानकारी परिजनों को दी गई परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया और डेयरी स्वामी पर हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ सीसीटीवी कैमरे खंगाले। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाएं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में परिजन कस्बा चौकी पर एकत्र हो गए। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। वहीं इस संबंध में सीओ मंगलौर विवेक कुमार का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जायेगा।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर कशमकश तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कांग्रेस की ओर से हरिद्वार ग्रामीण और लक्सर में जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की एक लंबी सूची सामने आई है। इस पद के लिए कई उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है।कांग्रेस प्रभारी रुद्र राजू ने बताया कि पार्टी बहुत सोच-समझकर कदम उठा रही है। इसी के चलते वे हर जगह जाकर दावेदारों के बारे में राय-मशवरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6-6 दावेदारों के नाम सूची में लिए जा रहे हैं, जिनमें जनरल, ओबीसी और एससी के दावेदारों पर चर्चा हो रही है।

राजू ने एकान्त कमरे में सभी दावेदारों से एक-एक करके बात की। उन्होंने बताया कि यह काम मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राजीव गांधी और अन्य बड़े नेताओं के आदेश पर किया जा रहा है, ताकि किसी तरह की कोई गलती न हो।जिला अध्यक्ष के चुनाव में अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता भी अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रुद्रा राजू से मिले। सह प्रभारी सुनीता प्रकाश ने सभी से ईमानदारी से कांग्रेस के



लिए काम करने की अपील की, ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस की सरकार बन सके और लोगों की सेवा की जा सके।

## नलकूपों से उपकरण चोरी करते समय रंगे हाथ दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के किसानों द्वारा सोमवार रात्रि अपने खेतों में लगे नलकूप पर पहरा देते समय विद्युत मोटर तथा विद्युत उपकरण चोरी करने करने वाले चार लोगों में से एक को उस समय दबोच दिया जब पकड़ा गया व्यक्ति तथा उसके तीन साथी नलकूप से विद्युत मोटर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। किसानों ने पकड़े गए व्यक्ति को पुलिस के सुपरद कर दिया गया।

कस्बा निवासी युवा भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि उनके खेत मैं लगे नलकूप से कुछ समय पहले लगभग 20000 रुपए कीमत के विद्युत उपकरण किन्हीं अज्ञात के द्वारा चोरी कर लिए गए थे। उसके बाद आसपास दूसरे किसानों के खेतों मैं लगे नलकूप से भी विद्युत उपकरण लगातार चोरी होने से किसान अपने नलकूपों पर विद्युत उपकरण करने वाले चोरों को पकड़ने के लिए अपने नलकूपो पर पहरा दे रहे थे। सोमवार रात भी लगभग 10:00 बजे उसके पास के खेत मोनू कुमार के खेत में लगे नलकूप पर चार व्यक्ति विद्युत मोटर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे ।उसी समय उसने तथा मोनू कुमार ने विद्युत मोटर चोरी करने आए चार लोगों में से एक को दबोच लिया तथा उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गए ।पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## रंजिशन लगाई थी मुखालिफ के घर में आग, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम शेरपुर खेल मऊ में रविवार रात्रि एक मकान में आग लगने से हुए लाखों रुपए के नुकसान के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया जिसने रंजिशन नुकसान पहुंचाने के लिए आग लगाई थी।

मकान मालिक द्वारा अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस द्वारा गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे खगालने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया है। ग्राम शेरपुर खेलमऊ निवासी आकाश शर्मा पूर्व 2 वर्ष से रुड़की में निवास कर रहा है। उक्त का एक पैतृक मकान ग्राम शेरपुर खेलमऊ में भी स्थित है। आकाश शर्मा का कहना है कि गांव के पैतृक मकान में तीन कमरे बने हुए हैं तथा उनमें भी काफी घरेलू सामान रखा हुआ था ।रविवार आधी रात्रि गांव में स्थित मकान में बने तीन कमरों में आग लगने की सूचना गांव वालों से मिलने पर वह रात में ही गांव में पहुंचा। जब तक पूरा सामान जलकर राख हो गया था। उन्होंने लगभग 80 लाख रुपए का नुकसान होना बताया है ।उक्त द्वारा थाने में तहरीर देकर मकान में आग लगने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था ।थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे खगालने पर सीसीटीवी कैमरा में गांव का ही निवासी रजनीश कुमार को मकान के अंदर जाते हुए देखा गया। शक होने पर उक्त को सोमवार रात्रि पुलिस द्वारा उसके घर पर दबिश देकर थाने लाया गया। पूछताछ करने पर उक्त द्वारा बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसने उक्त के मकान में आग लगाई थी। कानूनी कार्रवाई करते हुए उक्त का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## दरगाह ईमाम साहब के रियासत बाबा पर हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह ईमाम साहब रोड पर लकी बाग बिजनौर निवासी रियासत बाबा नुकीली चीज लगने से घायल हो कर दिया।एक दुकानदार पर बाबा पर नुकीली चीज से हमला कर घायल करने का आरोप है। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल बाबा को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाबा की झोंपड़ी दुकानदार के बगल में बनी हुई है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंगलवार को मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दुकानदार ने बाबा पर नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे बाबा लहूलुहान हो गया।

## प्राइवेट विद्यालय संचालकों ने आवाज उठाने को बनाई समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** प्राइवेट विद्यालय संचालकों ने मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया । इस दौरान स्कूलों की आवाज उठाने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अरविंद अग्रवाल की अध्यक्षता में धर्मपाल सैनी को अध्यक्ष बनाया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों की अपनी अपनी समस्याएं रहती है। एक एक कर समस्या को विभागीय अधिकारियों के सामने रखना संभव नहीं होता। इसलिए स्कूलों की आवाज उठाने के लिए समिति का गठन किया गया है। इस दौरान धर्मपाल सिंह सैनी को अध्यक्ष, सत्यवीर सिंह को उपाध्यक्ष, नरेंद्रपाल सिंह कोषाध्यक्ष सचिव सुभाष सैनी और उपसचिव सतीश कुमार को बनाया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मपाल सैनी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। और स्कूलों की समस्या को अधिकारियों के सामने रखकर उनका समाधान कराने का प्रयास करेंगे।इसके अलावा जावेद अली, दिनेश कुमार, मजहिर हसन, सतीश शर्मा, नैनसिंह, संजय कुमार को सदस्य बनाया गया। इस दौरान सुभाष सैनी, रवीश सैनी, सुल्तान, दिनेश, राजबीर सिंह, सुशील कुमार, अजय त्यागी, सोमदत्त, प्रमोद कुमार, अंतिम सैनी मौजूद रहे।

### एपीएस-2 में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

## प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नं. 2 में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम दो खंडों में संपन्न हुआ। फाउंडेशन स्टेज (FS) विंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया सत्र तथा मुख्य विंग के लिए प्रतीकात्मक शिक्षक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। विद्यालय की परंपरा के अनुरूप संचालन छात्रों एवं शिक्षकों ने किया। जबकि संपूर्ण व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षक नियुक्त रहे।

प्रतीकात्मक शिक्षण सत्रों में विद्यार्थियों ने संक्षिप्त एवं पूर्व-निधारित कक्षा-आधारित संवाद प्रस्तुत किए, जिसके पश्चात आकर्षक एवं विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप पंत ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

वहीं दूसरी ओर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। खेल उपलब्धियों में राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभागियों ने 03 स्वर्ण, 04 रजत एवं 04 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में भारत विकास परिषद समर्पण द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय सामूहिक गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा अंडर-17 बास्केटबॉल टूर्नामेंट (सेंट्रल कमांड) में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने जनपद, राज्य एवं कमांड स्तर की अन्य प्रतियोगिताओं में भी उपलब्धियाँ अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंत ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धियाँ अनुशासन, तैयारी और सरोकार की जीत हैं। गुरुजनों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-कर्मचारी, अभिभावक शिक्षक, संयोजक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसपी देहात के बाद इंस्पेक्टर तक पहुंचा दुकान का विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गुरु रविदास सेवा समिति की दुकान का मामला दो पक्षों में उलझ कर रह गया है। आरोप है कि किरायेदार दुकान को खाली नहीं कर रहा है और न ही 27 महीने से किराया अदा किया है। एसपी देहात से शेखर चंद्र सुयाल के बाद अब मामला इंस्पेक्टर तक पहुंचा है। रामपुर के ग्रामीण मंगलवार को गंगनहर कोतवाली पहुंचकर बताया कि गुरु रविदास सेवा समिति की एक दुकान मन्नाखेड़ी मंगलौर हाल पनियाला रोड गली नंबर 3 शिवपुरम निवासी एक व्यक्ति को किराये पर दे रखी है। आरोप है कि किरायेदार ने करीब 27 महीने से 40500 रुपये का किराया नहीं दिया है। विरोध करने पर दुकानदार तो सामने नहीं आता लेकिन अपने परिवार के लोगों को आगे कर देता है। आरोप है कि कुछ समय पूर्व दुकान को खाली कराने और किराया लेने को बात हुई तो किराएदार के परिवार ने गाली गलौज कर ग्रामीण व समिति के सदस्यों से अभद्रता की थी। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन समिति की दुकान का विवाद शांतिपूर्ण से निपटाना में सहयोग करें। इंस्पेक्टर मनोहर भंडारी ने बताया कि हल्का दरोगा को तहरीर के आधार पर जांच का नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## कांग्रेसियों ने हरीश रावत की चादर दरगाह साबिर पर चढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** राज्य के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दरगाह पिरान कलियर शरीफ के उर्स के मौके पर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए एक खास चादर भेजी। यह चादर उनके प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राव आफाक व रावत के ओएसडी सैयद कासिम सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने दरगाह पर पेश की।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं व जायरीनो ने मुल्क की तरक्की, भाईचारे और अमन-सुकून के साथ-साथ इस बार उत्तराखंड में आई आपदा से राहत और लोगों की सलामती की भी विशेष अरदास की गई। दरगाह पिरान कलियर शरीफ, जिसे गंगा-जमनी तहजीब की सबसे बड़ी मिसाल माना जाता है, हर साल लाखों लोग अलग-अलग धर्म और समुदाय से यहां आते हैं। यही वह जगह है, जहां की मिट्टी मोहब्बत और इंसानियत की खुशबू बिखेरती है।इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने जायरीन से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना। पूरा माहौल भाईचारे, दुआओं और मोहब्बत से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर मौलाना शाह नजर व अन्य कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## पुलिस ने रास्ता भटके एक बच्चे को परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** सोमवार देर रात नारसन बॉर्डर पर नियमित जांच के दौरान, पुलिस ने एक 12 वर्षीय बच्चे को साइकिल पर हरिद्वार से पुरकाजी, उत्तर प्रदेश की ओर जाते हुए देखा। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम-पता बताते हुए कहा कि वह मूल रूप से डीडीहाट, पिथौरागढ़ का रहने वाला है और अपनी बुआ के घर शिवालिक नगर, हरिद्वार में रहकर पढ़ाई करता है। उसने बताया कि वह स्कूल में होने वाले टेस्ट से बचने के लिए घर से निकला था, लेकिन रास्ता भटक गया था। रात के समय अकेले भटक रहे बच्चे को देखकर पुलिस को किसी अप्रिय घटना की आशंका हुई। इसके बाद, पुलिस उसे नारसन चौकी ले आए। पुलिस ने तुरंत बच्चे के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया और काफी कोशिशों के बाद उनसे संपर्क हो पाया। देर रात, बच्चे के माता पिता नारसन चौकी पहुंचे। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित उनके हवाले कर दिया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर, माता पिता ने उत्तराखंड पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## विधायक आशू मलिक ने यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव की ओर से पेश की दरगाह पर चादर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** सरकार साबीर पाक के 757वे उर्स मुबारक के अवसर पर सोमवार को सहारनपुर देहात से विधायक आशू मलिक ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से लखनऊ से आयी और ढोल नकारो बैंड बाजों के साथ सूफी।राशिद की खानगा से जल्लूस की शक्ल।में दरगाह पहुंचे चादर फुल पेश किए और देश के लिए अमन-चौन की सूफी राशिद साबीर द्वारा दुआ करा गई । वहीं उन्हें दस्तार बंदी भी की गयी।इस अवसर पर विधायक आशु मलिक ने कहा कि बुजुर्गों के आस्ताने पर फैंज का दरिया बढ़ता है और हिंदू मुस्लिम हर वर्ग के लोग यहां पर अपनी मन्नत अपनी मुराद मांगने आते हैं और फैज पाते है । इस अवसर पर बजमे -एहबाब कैम्प के अध्यक्ष अनवर खान ने भी विधायक आशू मलिक का स्वागत किया और दरगाह लेकर पहुंचे वही गरीबो लगर बाटा गया। इस अवसर पर हाजी नवाब अंसारी, चौधरी सलीम, चंद्रशेखर, रूई अंजुम, आजम खान आजम खान, अब्दुल समाज साबीर युसुफ कुरैशी इत्तेदार साबरी, सैयद शकील, शम्स अली च, चौधरी नसीम, रोहित अत्री,



आसिफ साबरी, शब्बीर साबरी रा, राशिद सैफी, वैदूध साबरी, गुलजार चौधरी, हाजी अब्दुल सत्तार, गुफराल साबरी, जावेद साबरी, खालिद अहमद, शाहनवाज सिंगर, मौसम अली, आदि मौजूद रहे।

## अकीदत के साथ मनाया जश्न-ए-बाबा फरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हजरत साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स के मौके पर दरगाह साबिर पाक में सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी की सरपरस्ती में सूफी राशिद साबरी की ओर से बड़े अकीदत और मोहब्बत के साथ जश्न-ए-बाबा फरीद मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुल शरीफ में तिलावते कुरआन शरीफ से की गई।इसके बाद देश में अमनो अमान के लिए दुआ की गई। कुल शरीफ के बाद महफिले-समां का आयोजन भी किया गया।जिसमें सूफियाना कलाम पेश किए गए।उसके बाद लंगर तकसीम किया गया। साहिबजादा शाह यावर एजाज साबरी और सूफी राशिद साबरी ने बताया कि सालाना उर्स में सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी की सरपरस्ती में सूफी राशिद साबरी की ओर से हर साल की तरह इस साल भी जश्न-ए-बाबा फरीद आयोजित किया गया।जिसमें दूर दराज से आए जायरीनों ने शिरकत की।इस मौके पर हाफिज सऊद साबरी, यासिर ऐजाज, खतीब अहमद,सुहैल



मियां, अफजल मंगलौरी, सलमान चिश्ती,बाबा मिस्सी शाह, मुनव्वर अली साबरी, बाबा रिंकू शाह सहित कई अकीदतमंद मौजूद रहे।

# सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आगजनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

**–जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

# श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल



यशोदा श्रीवास्तव



सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तोहमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लोकतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़े लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहाजा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोघ का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय



योगेश कुमार गोयल

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।

दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते



ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।


मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलाव: भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोले: व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राज. दूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली हो: जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहा: दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहा: ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिन. पिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

## रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

### संक्षिप्त समाचार

#### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

#### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

#### कांगो में खूनी हमला: विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

#### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चा: संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

## यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबा. इल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहा. सिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

## मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

### देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।

दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि



के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवत: अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमे. रिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।

### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

## राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

### पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आग. जनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

## अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिक. ारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108